www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:03 बजे
सूर्यास्त शाम 5:21 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-86 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • सोमवार 1 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


• वर्चस्व कायम रखने के लिए शादी में चलाई गोलियां, दूल्हे की मौसी और दोस्त की मौत

# दूल्हा गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार, पैलेस संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**सुनील/अशवनी | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

देर रात एक शादी समारोह उस समय खौफ और भगदड़ में बदल गया जब दूल्हा पक्ष की ओर से बुलाए गए दो युवकों के बीच पुरानी रंजिश अचानक भड़क उठी। दोनों ने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं, जिसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत शादी समारोह बंद करवा दिया। पुलिस ने मौके से 30 से अधिक कारतूस बरामद किए हैं जो यह दर्शाता है कि फायरिंग कितनी ताबड़तोड़ और खतरनाक थी।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात पक्खोवाल रोड स्थित बाथ कैसल पैलेस में ठेकेदार वरिंदर कपूर की शादी का समारोह था। लुधियाना के कई राजनीतिक नेता सहित लगभग 600 से 700 लोग इस समारोह में पहुंचे हुए थे।



**नीरू छाबड़ा का पति संजीव और उसका बेटा विलाप करते हुए**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समारोह पूरी तरह शांतिपूर्वक चल रहा था। जैसे ही मिलनी के बाद दूल्हा स्टेज की ओर पहुंचता है, उसी दौरान हॉल के एक कोने में विधायक के बेटे के साथ खड़े जे के डावर और अंकुर की सामने खड़े शुभम अरोड़ा मोटा से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि कुछ ही क्षणों में माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि शुभम के साथ खड़े एक साथी ने अचानक अपनी पिस्टल में गोली लोड कर ली। उसकी इस गतिविधि को देख अंकुर ने भी बिना देर किए अपनी पिस्टल निकाल ली। तनाव बढ़ता देख लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही पहली गोली चल गई। इसके बाद दोनों तरफ से क्रॉस फायरिंग शुरू हो गई। हॉल में मौजूद मेहमानों में अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग चीखते-चिल्लाते हुए बाहर की ओर भागने लगे। कुर्सियां पलट गईं हर कोई किसी तरह जान बचाने की कोशिश करता दिखा। इसी दौरान पैलेस में काम करने वाले वर्करों और वेटरों ने टेबलों और बाथरूम में छुपकर खुद को बचाया।

**▪ निशाना बनाकर चलाई गोली...**

*पुलिस जांच में सामने आया कि यह फायरिंग हवाई नहीं थी, बल्कि सीधी आमने-सामने की गई थी। इसका प्रमाण है कि दो लोगों को बेहद नजदीक से गोली मारी गई। यही वजह है कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई और तीसरा युवक बुरी तरह घायल हुआ। जैसे ही ताबड़तोड़ गोलियां चलीं, आरोपी युवक मौके से हवाई फायर करते हुए फरार हो गए।*

**▪ दूल्हे और पैलेस संचालक के खिलाफ केस दर्ज...**



**मृतक वासु चोपड़ा की परिवार के साथ फाइल फोटो** -समर न्यूज़

*इस घटना ने पुलिस को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है क्योंकि मैरिज पैलेस में हथियार ले जाने पर पहले से ही सख्त पाबंदी है। पुलिस ने कई बार आदेश जारी किए हैं कि किसी भी फंक्शन में हथियार ले जाना प्रतिबंधित है। अगर कोई व्यक्ति हथियार लेकर प्रवेश करता है तो पैलेस संचालक को तुरंत पुलिस को सूचना देनी होती है। इस मामले में न तो किसी ने चेकिंग की और न ही हथियारों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाई गई। इसी वजह से पुलिस ने पैलेस संचालक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी बड़ी वजह दूल्हे का उन दोनों बदमाशों को बुलाना है क्योंकि वह जानता था कि दोनों के बीच पुरानी दुश्मनी चल रही है और कई बार झड़प हो चुकी है। इसके बाव जूद दोनों को एक साथ बुलाने को पुलिस ने लापरवाही और जोखिम लेने की हरकत माना और दूल्हे वरिंदर कपूर को भी नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है।*

» (शेष पृष्ठ 8 पर)

## न्यूज़ ब्रीफ

### बर्थडे पार्टी में फायरिंग, 4 की मौत, 10 घायल

**कैलिफोर्निया|** कैलिफोर्निया के स्टॉकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात एक बैंक्वेट हॉल में बच्चे की बर्थडे पार्टी के दौरान अचानक फायरिंग हो गई। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल 14 लोगों को गोली लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले लोगों को लगा कि पटाखों की आवाज है, लेकिन कुछ ही सेकंड में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर और हमले की वजह की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

### उत्तराखंड के चमोली में 3.7 तीव्रता भूकंप

**चमोली|** उत्तराखंड के चमोली ज़िले में आज सुबह फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नारायणबागड़ क्षेत्र में सुबह 10:27 बजे आए भूकंप से लोगों में घबराहट फैल गई और कई लोग घरों से बाहर निकल आए। करणप्रयाग, नारायणबाग, थराली और देवाल इलाके भी झटकों से हिले।

भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई और इसका केंद्र चमोली के पास बताया गया है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी के अनुसार, किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। यह एक महीने में दूसरा भूकंप है। इससे पहले 9 नवंबर को झटके महसूस किए गए थे।

### दिल्ली कोर्ट ने तीन सह-आरोपियों को जमानत दी

**नई दिल्ली|** स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली की एक अदालत ने तीन सह-आरोपियों काजल, भावना और श्वेता को 20-20 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। तीनों को गिरफ्तारी से छूट मिली हुई थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें आरोपपत्र में शामिल किया था। यह मामला दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक निजी प्रबंधन संस्थान की 16 छात्राओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित है। मुख्य आरोपी चैतन्यानंद को 27 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में है। इसी बीच अदालत ने चैतन्यानंद के खिलाफ फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट उपयोग करने के एक अन्य मामले में भी पेशी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि उन्हें 2 दिसंबर को अदालत में पेश किया जाए।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी बोले भारत नई ऊंचाइयां छू रहा है

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 128वें संस्करण में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारत की तेज़ी से बढ़ती प्रगति और विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश रक्षा, अंतरिक्ष, कृषि और खेल जैसे क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और यह उपलब्धियां भारत की युवा शक्ति और नवाचार क्षमता का परिणाम हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले सप्ताह INS माही को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है, जो समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। वहीं स्काईरूट के 'इन्फिनिटी कैंपस' की शुरुआत को उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते अवसरों का प्रतीक बताया।

कृषि क्षेत्र पर बोलते हुए पीएम मोदी ने बताया कि इस वर्ष 357 मिलियन टन अनाज उत्पादन के साथ भारत ने अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। पिछले 10 वर्षों में 100 मिलियन टन की वृद्धि किसानों की मेहनत और कृषि तकनीकों में सुधार को दर्शाती है। उन्होंने इसरो द्वारा आयोजित GPS-रहित ड्रोन प्रतियोगिता का उदाहरण देते हुए युवाओं की दृढ़ता और नवाचार भावना की सराहना की। मोदी ने कहा कि ड्रोन कई बार दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी प्रतिभागी युवा हार नहीं माने यही जज़्बा विकसित भारत की असली ताकत है। खेल जगत में हाल ही में भारत को राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी दिए जाने को प्रधानमंत्री ने बड़ा सम्मान बताया। उन्होंने कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का अनुभव भी साझा किया और कहा कि विश्वभर में गीता के प्रति बढ़ती रूचि भारत की सांस्कृतिक ताकत को प्रदर्शित करती है। मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देशवासियों ने अपना लिया है। हाल के त्योहारों की खरीद में लोगों ने मन से भारत के उत्पादों को चुना। इस बार युवाओं ने भी वोकल फॉर लोकल के अभियान को गति दी। आगामी क्रिसमस के समय भी वोकल फॉर लोकल की भावना का ध्यान रखे। पीएम मोदी ने युवाओं से नवाचार, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

# गाजीपुर पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई 80 लाख की हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर|** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में दिलदारनगर थाना पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 412 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है।

गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के अनुसार, दिलदारनगर थाने के उपनिरीक्षक सतनारायण शुक्ला और एएनटीएफ प्रभारी सुरेंद्रनाथ सिंह को दिलदारनगर जंक्शन स्टेशन के पास नियमित जांच कर रहे थे। इसी दौरान चार संदिग्ध व्यक्ति वहां आते दिखाई दिए। शक होने पर पुलिस टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर चारों के पास से कुल 412 ग्राम हेरोइन, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक बाइक और 2025 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार आरोपियों में तीन धर्मेंद्र कुमार, विपिन पासवान और दिव्यांशु प्रसाद बिहार के बक्सर जिले के निवासी हैं, जबकि चौथा आरोपी साहिल खान गाजीपुर के दिलदारनगर क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि गिरोह के नेटवर्क और सप्लाई चैन की गहराई से जांच जारी है, ताकि पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जा सके।



**पुलिस द्वारा जब्त की गई हेरोइन** -समर न्यूज़

# विराट कोहली का 52वां वनडे, 83वां अंतरराष्ट्रीय शतक

**रांची|** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में शानदार शतक जड़कर इतिहास रच दिया। कोहली ने 102 गेंदों पर अपना 52वां वनडे और 83वां अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। इस साल वनडे प्रारूप में यह उनका दूसरा शतक है। उन्होंने 120 गेंदों पर 11 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 135 रन बनाए। इस पारी के साथ कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए, उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 51 टेस्ट शतकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया।



# प्रेम संबंधों के चलते पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

**फरीदकोट|** फरीदकोट जिले के गांव सुखणवाला में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां प्रेम संबंधों के चलते पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक गुरविंदर सिंह की पत्नी रुपिंदर कौर और उसके प्रेमी हरकंवलप्रीत सिंह (निवासी बल्लूआणा, जिला बठिंडा) के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, एनआरआई परिवार से संबंध रखने वाले गुरविंदर सिंह का विवाह वर्ष 2023 में फ़रीदकोट निवासी रुपिंदर कौर से हुआ था। शादी के बाद रुपिंदर कौर कनाडा चली गई थी, लेकिन 2024 में उसे वहीं से डिपोर्ट कर भारत भेज दिया गया। इसी दौरान उसका हरकंवलप्रीत सिंह से नज़दीकी संबंध बन गया, जिसे कनाडा से उसी के साथ डिपोर्ट किया गया था। मृतक की बहन मनवीर कौर ने शिकायत में बताया कि उसका भाई रुपयेंदर कौर और हरकंवलप्रीत के संबंधों की जानकारी देता रहता था और उसने आशंका जताई थी कि उसकी हत्या करवाई जा सकती है। थाना सदर पुलिस ने रुपिंदर कौर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि हरकंवलप्रीत की तलाश जारी है। डीएसपी तर्लोचन सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि हत्या प्रेम संबंधों के चलते की गई है।

# संसद का शीतकालीन सत्र आज शुरू, सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में नोकझोंक, विपक्ष ने उठाए वोट चोरी, सुरक्षा चूक और विदेश नीति के मुद्दे



**बैठक के दौरान जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री** -समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है, जो 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की शुरुआत से पहले रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच आगामी सत्र के एजेंडे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में भाजपा की ओर से जे.पी. नड्डा, किरेन रिजिजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहे, जबकि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, गौरव गोगोई, प्रमोद तिवारी, के. सुरेश, टीएमसी के डेरेक ओ'ब्रायन, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, द्रमुक के तिरुचित शिवा और कई अन्य दलों के नेता उपस्थित थे।

## विपक्ष का आरोप- सरकार जानबूझकर सत्र छोटा कर रही

*सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की अवधि अत्यंत कम रखी गई है। गोगोई ने कहा, "19 दिनों के सत्र में वास्तविक चर्चा केवल 15 दिन हो पाएगी। यह संभवतः अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार स्वयं संसद को कमजोर बनाना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार संसदीय परंपराओं को नुकसान पहुंचा रही है, जिस वजह से विपक्ष पूर्ण एकजुटता के साथ रणनीति बना रहा है।*

**▪ वोट चोरी का मुद्दा मुख्य रहेगा : कांग्रेस**

*कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने स्पष्ट किया कि विपक्ष सत्र में चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के बीच कथित मिलीभगत और "वोट चोरी" के आरोप को प्रमुख रूप से उठाएगा।* **▪ शीतकालीन सत्र में 14 महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने की तैयारी...**

*सत्र के दौरान सरकार कुल 14 विधेयक पेश करने की योजना बना रही है, जिनमें शामिल हैं जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025, इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड संशोधन (IBC), मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक, रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल, नेशनल हाईवेज संशोधन विधेयक, एटॉमिक एनर्जी बिल, कॉरपोरेट लॉज संशोधन, सिक्योरिटीज मार्केट कोड बिल, इंश्योरेंस लॉज संशोधन, आर्बिट्रेशन एवं कंसिलिएशन संशोधन, उच्च शिक्षा आयोग बिल, केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन, हेल्थ सिक्योरिटी सेस बिल, 2025–26 के लिए पहली अनुपूरक अनुदान मांगें।*

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

## नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस, दोनों नेताओं के अलावा चार के खिलाफ मामला दर्ज

# सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर, आपराधिक साजिश का आरोप

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें फिर बढ़ गई हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने रविवार को दोनों नेताओं के खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें उन पर आपराधिक साजिश रचने और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड पर अवैध तरीके से नियंत्रण हासिल करने का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में दोनों नेताओं के अलावा सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी और एक अज्ञात व्यक्ति का नाम दर्ज किया गया है। इसके साथ ही तीन कंपनियों एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी आरोपी बनाया गया है। एफआईआर के अनुसार, कथित साजिश के तहत एजेएल, जो नेशनल हेराल्ड अखबार की पेरेंट कंपनी है, पर धोखे से कब्जा किया गया। यंग इंडियन, जिसे नॉन-प्रॉफिट कंपनी के रूप में बनाया गया था और जिसमें गांधी परिवार की कुल 76% हिस्सेदारी थी, इस प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका में रही। शिकायत में आरोप है कि कोलकाता की कथित शेल कंपनी डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को एक करोड़ रुपये दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस पार्टी को 50 लाख रुपये का भुगतान किया और एजेएल पर नियंत्रण हासिल कर लिया। उस समय एजेएल के पास लगभग 2,000 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण संपत्तियां थीं। यह एफआईआर प्रवर्तन निदेशालय की जांच रिपोर्ट के आधार पर दर्ज की गई है, जिसे एजेंसी ने हाल ही में दिल्ली पुलिस के साथ साझा किया था। नेशनल हेराल्ड मामला 2012 में तब सामने आया था, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट में यह आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेताओं ने धोखाधड़ी और विश्वासघात करते हुए एजेएल की संपत्तियों पर कब्जा किया। गौरतलब है कि 1938 में जवाहरलाल नेहरू और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा शुरू किया गया नेशनल हेराल्ड अखबार आर्थिक संकट के चलते 2008 में बंद हो गया था। एजेएल पर करीब 90 करोड़ रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने में मदद के लिए कांग्रेस ने यही राशि लोन के रूप में दी। बाद में एजेएल द्वारा लोन वापस न कर पाने की स्थिति में इसे इक्विटी में बदल दिया गया। राजनीतिक दल होने के कारण कांग्रेस सीधे शेयर नहीं रख सकती थी, इसलिए ये शेयर 2010 में बनी यंग इंडियन के हवाले कर दिए गए।

इसके बाद यंग इंडियन एजेएल की बहुमत शेयरधारक बन गई और सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी इसके निदेशक बने, जिनके पास कंपनी में 38-38% हिस्सेदारी है। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई यह एफआईआर उस समय आई है जब दिल्ली की अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में अपना फैसला 16 दिसंबर तक टाल दिया है। इससे केस एक बार फिर राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर सुर्खियों में आ गया है।



**सोनिया गांधी और राहुल गांधी की फाइल फोटो** -समर न्यूज़

# चुनाव आयोग ने बढ़ाई वोटर लिस्ट की 'सफाई' की अंतिम तिथि, 14 फरवरी तक होगा एसआईआर

## 16 दिसंबर को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

देश में विशेष एसआईआर प्रक्रिया की समय सीमा में संशोधन किया गया है, जिससे पश्चिम बंगाल और केरल दोनों राज्यों में निर्धारित तिथियों को बढ़ा दिया गया है। पश्चिम बंगाल में गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि अब 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी गई है, जबकि ड्राफ्ट मतदाता सूची 9 दिसंबर की जगह 16 दिसंबर को प्रकाशित होगी। इसी तरह, केरल में भी फॉर्म जमा करने की समय सीमा बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी गई है और ड्राफ्ट सूची 16 दिसंबर को जारी होगी। दोनों राज्यों समेत 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया लागू है। चुनाव आयोग के अनुसार पोलिंग स्टेशनों के पुनर्गठन का कार्य 11 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाना चाहिए, जबकि कंट्रोल टेबल अपडेट करने और ड्राफ्ट रोल तैयार करने की प्रक्रिया 12 से 15 दिसंबर के बीच संपन्न होगी। ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद मतदाता 15 जनवरी तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकेंगे। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक इन दावों का निपटारा करने और फॉर्म पर अंतिम निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद 12 फरवरी को नौ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग का यह निर्णय उन बूथ स्तर अधिकारियों के लिए राहत लेकर आया है, जो अभी तक गणना फॉर्म जमा करने और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे।



# लखनऊ में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने मां को कुचला, बेटा-बेटी घायल

### चारबाग रेलवे स्टेशन के पास सड़क पार करते समय हुआ हादसा; बस जब्त, चालक हिरासत में

**समर न्यूज़ | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। फूटओवर ब्रिज के पास सड़क पार कर रही उन्नाव की 40 वर्षीय महिला को तेज रफ्तार रोडवेज़ बस ने कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसके साथ मौजूद पुत्र और पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे की घटना की फोटो। फोटो- समर न्यूज़

मृतका की पहचान संगीता रावत के रूप में हुई है, जो उन्नाव जिले के गंगाघाट थाना क्षेत्र के आदर्शनगर शुक्लागंज की रहने वाली थीं। परिवार के अनुसार, संगीता कुछ दिन पहले अपनी मासी की बेटी के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने के लिए लखनऊ आई थीं। समारोह के बाद वे रविवार सुबह अपने दो बच्चों और भाई के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुईं, ताकि ट्रेन से घर लौट सकें।

जैसे ही परिवार स्टेशन के बाहर सड़क पार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रही एक रोडवेज़ बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि संगीता को बचने का कोई मौका नहीं मिला। टक्कर लगते ही वह सड़क पर दूर तक घिसट गईं और गंभीर चोटों के चलते मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत बच्चों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरते हुए संगीता के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद लोगों में रोडवेज़ बसों की तेज रफ्तार और यातायात व्यवस्था को लेकर काफी रोष देखने को मिला। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि बस चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था और उसने ब्रेक लगाने की कोई कोशिश भी नहीं की।

पुलिस ने हादसे में शामिल बस को तुरंत जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में ले लिया है। परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि चालक की लापरवाही की सभी पहलुओं से जांच की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

इस दर्दनाक हादसे ने परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। संगीता अपने पीछे दो मासूम बच्चों और शोकाकुल परिवार छोड़ गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चारबाग स्टेशन के पास यातायात व्यवस्था दुरुस्त न होने की वजह से ऐसे हादसे अक्सर सामने आते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में ट्रैफिक कंट्रोल को सख्त किया जाए और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ाए जाएं।

## मैं मदद मांगने गया था, पुलिस ने मेरी पिटाई की और मोबाइल छीन लिया



पीड़ित युवक। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

अमृतसर पुलिस एक बार फिर विवादों में आ गई है, जब एक युवक ने रंजीत एवेन्यू थाने के कर्मचारियों पर बुरी तरह मारपीट का गंभीर आरोप लगाया। युवक का दावा है कि वह समलैंगिक है और किसी द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत लेकर थाने पहुँचा था, लेकिन पुलिस ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे कथित तौर पर पीटना शुरू कर दिया। उसने आरोप लगाया कि सबूत के तौर पर वीडियो बनाने की कोशिश करने पर पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। वहीं पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि युवक नशे की हालत में थाने आया था और कर्मचारियों से बदसलूकी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, उसे जो चोटें आई हैं, वह बैरिकेड से टकराने के कारण हुईं, न कि मारपीट से।

# वेदश्री तपोवन की गीता जयंती भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक पहचानः ओम बिरला

### गुलाब चंद कोठारी 'महर्षि वेदव्यास पुरस्कार' से सम्मानित

**समर न्यूज़ | पुणे**

वेदश्री तपोवन, पुणे में आयोजित भव्य गीता जयंती महोत्सव में श्रद्धा, अध्यात्म और भारतीय ज्ञान परंपरा का दिव्य संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में देशभर से आए संतों, विद्वानों और विचारकों की उपस्थिति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वीडियो संदेश के माध्यम से गीता के सार्वभौमिक संदेश को नमन करते हुए कहा कि भगवद गीता भारतीय दर्शन का मूल है, जो मानवता को धर्म, कर्तव्य, सदाचार और कर्मयोग का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक चुनौतियों के बीच गीता का संदेश "निष्काम कर्म" और "वसुधैव कुटुम्बकम्" विश्व कल्याण की आधारशिला है। कार्यक्रम में कांची कामकोटि पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती जी महाराज, परम पूज्य स्वामी गोविंददेव गिरि जी महाराज सहित अनेक संतगण उपस्थित रहे। संतों ने गीता के मर्म, उसके



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अनेक संतगण - समर न्यूज़

जीवन-दर्शन और समकालीन समाज में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राजस्थान पत्रिका के मुख्य संपादक और वैदिक विद्वान गुलाब चंद कोठारी को प्रतिष्ठित महर्षि वेदव्यास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ओम बिरला ने उनके सम्मान पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कोठारी ने भारतीय ज्ञान–परंपरा को पुनर्जीवित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। महोत्सव के दौरान वेदश्री तपोवन परिसर के निर्माण कार्य के द्वितीय चरण का शुभारंभ भी विधिविधान के साथ किया गया। संतों और विद्वानों की उपस्थिति में संपन्न यह अनुष्ठान आयोजन का पावन केंद्र रहा। वेदश्री तपोवन का दिव्य और शांत वातावरण दिवसभर आध्यात्मिक चर्चा, वैदिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आलोकित रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विद्यार्थी, विद्वान और विचारक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को एक भव्य और यादगार आध्यात्मिक पर्व का रूप प्रदान किया।

# पुलवामा में दो सीआरपीएफ जवान झुलसकर घायल, श्रीनगर अस्पताल में कराया गया भर्ती


**समर न्यूज़ | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित मुरान कैंप में रविवार सुबह एक गंभीर हादसा घटित हुआ, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान झुलसकर घायल हो गए। ठंड के मौसम में इस्तेमाल किए जाने वाले हीटिंग उपकरण में अचानक आई खराबी इस दुर्घटना का कारण बताई जा रही है। हादसे के बाद दोनों घायल जवानों को साथी कर्मचारियों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों के अनुसार, पहले दोनों जवानों को जिला अस्पताल पुलवामा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति का आकलन करते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि एक जवान को गंभीर झुलसने की चोटें आई हैं और उसके शरीर के कई हिस्सों पर जलन है, जबकि दूसरे जवान को हल्की जलन हुई है। दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद कैंप में हलचल मच गई। सुरक्षा कारणों और प्रोटोकॉल के तहत संबंधित टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और हीटिंग उपकरण की तकनीकी जांच भी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि कैंप में सर्दी से बचाव के लिए लगाए गए हीटर में अचानक स्पार्किंग हुई, जिससे आसपास मौजूद जवान झुलस गए। CRPF प्रशासन ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है और तकनीकी टीम को दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने का जिम्मा सौंप दिया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, उपकरण में आई खराबी या वायरिंग की समस्या को कारण माना जा रहा है। कैंप अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इसी तरह की घटनाओं से बचने के लिए सभी उपकरणों की पूरी जांच की जाएगी और सुरक्षा उपायों को और मजबूत बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि ठंड के मौसम में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात जवानों के लिए हीटिंग उपकरण अनिवार्य होते हैं, और इस कारण उनकी नियमित जांच बेहद जरूरी है।

# शादी समारोह में घुसे दो युवक, पैसों से भरा बैग लेकर फरार

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

अमृतसर के झब्बाल रोड स्थित एक शादी समारोह के दौरान शगुन के पैसों से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिवार ने मैरिज पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जारी की, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि दो युवक बैग उठाकर आराम से बाहर निकल रहे हैं। जानकारी के अनुसार, दो अज्ञात युवक सूट-बूट पहनकर ऐसे कार्यक्रम में पहुंचे मानो वे मेहमान हों। दोनों काफी देर तक समारोह में मौजूद रहे और भीड़ में घुल-मिल गए। जैसे ही उन्हें मौका मिला, उन्होंने लाखों रुपये से भरा बैग उठाया और बिना किसी शक के बड़ी आसानी से बाहर निकल गए। शादी के कार्यक्रम



सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बैग लेकर जाता दिखा युवक - समर न्यूज़

के खत्म होने के बाद जब परिवार ने सामान की जांच की, तब चोरी का पता चला। इसके बाद तुरंत सीसीटीवी फुटेज चेक की गई, जिसमें दोनों युवक बार-बार अंदर-बाहर आते-जाते और अंत में बैग लेकर जाते हुए दिखाई दिए।

परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अब फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दक्षिणी दिल्ली के टिगरी एक्सटेंशन में भीषण आग

**समर न्यूज़ | दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली के टिगरी एक्सटेंशन इलाके में शनिवार शाम एक जूते की दुकान में लगी भीषण आग ने बड़ा हादसा कर दिया। भाई-बहन समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में इमारत का मालिक सतिंदर और उसकी बहन अनीता शामिल हैं। घायलों में एक महिला ममता 25% तक झुलस गई है और अस्पताल में भर्ती है। बाकी मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। दुकान में लगी आग कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत में फैल गई। मौके पर चार फायर टेंडर भेजे गए, लेकिन गली संकरी होने के कारण दमकल कर्मियों को अंदर तक पहुंचने में काफी दिक्कतें आईं। इमारत की ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले कई लोग छतों पर भागकर किसी तरह अपनी जान बचा सके।

# जमीन विवाद में ताऊ ने की फायरिंग भतीजा गंभीर रूप से घायल, भर्ती

**समर न्यूज़ | बठिंडा**

जिले के थाना रामा के अधीन पड़ते पिंड सेखू में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक ताऊ ने अपने ही भतीजों पर फायरिंग कर दी। इस घटना में एक भतीजा गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को बचाने गए युवक पर भी डंडों और सोटों से हमला किया गया। दोनों घायलों को बठिंडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल युवकों ने बताया कि उनका ताया पिछले कुछ समय से उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा था। शनिवार को जब उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की, तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि ताऊ की बेटी ने पिता को इशारा किया कि इन पर फायर करो, जिसके बाद आरोपी ने सीधा गोली चला दी।

फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। दूसरा युवक जब उसे छुड़ाने पहुंचा तो उस पर भी लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही थाना रामा पुलिस हरकत में आई। डीडीएसपी तलवंडी साबो संदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच करते हुए पुलिस ने ताये द्वारा फायरिंग करने की पुष्टि की है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई है।

# मर्सिडीज ने मचाई तबाही, एक की मौत, दो घायल, ड्राइवर गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार मर्सिडीज G63 कार ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 23 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना एंबियंस मॉल के सामने ऑटो स्टैंड के पास रात करीब 12:30 बजे हुई। मर्सिडीज कार काफी तेज गति में थी, तभी ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। कार पहले एक खंभे से टकराई और फिर ऑटो का इंतजार कर रहे तीन युवकों पर चढ़ गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सड़क पर बने एक डायवर्जन के कारण कार अचानक मुड़ी और चालक वाहन को संभाल नहीं पाया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। चमोली, उत्तराखंड के रहने वाले युवा रोहित (23) को अस्पताल ले जाते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दो अन्य घायल—35 वर्षीय और 23 वर्षीय युवक—अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। तीनों शख्स एंबियंस मॉल के एक रेस्टोरेंट में काम करते थे और ड्यूटी खत्म होने के बाद घर जाने के लिए ऑटो की प्रतीक्षा कर रहे थे। कार चलाने वाला 29 वर्षीय शिवम करोल बाग का निवासी है।

पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। हादसे के समय वह अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ एक शादी समारोह से लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि यह मर्सिडीज G63 कार शिवम के दोस्त अभिषेक की है। मामले में आवश्यक धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अब जांच कर रही है कि हादसे के समय कार किस रफ्तार में थी और क्या चालक नशे में था या नहीं। मामले ने एक बार फिर दिल्ली की सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के मुद्दे को चर्चा में ला दिया है।

# 20 दिसंबर तक खिचड़ी मेले की तैयारियां पूरी करें: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**समर न्यूज़ | गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक हर हाल में पूरा कर लिए जाएं। इस संबंध में शनिवार को जानकारी दी गई। गोरखनाथ मंदिर के सभागार में महापौर और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खिचड़ी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी विभाग समय से पहले समुचित व्यवस्थाएं करें। यह मेला न केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश, बल्कि बिहार, नेपाल और देश-दुनिया के सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का केंद्र है। ऐसे में मेले में



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ - समर न्यूज़

साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, यातायात प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा जैसे सभी बुनियादी इंतजामों को मजबूत किया जाए। उन्होंने बताया कि मेले का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से भी किया जाएगा, ताकि वे श्रद्धालु भी मेले से जुड़े रह सकें जो किसी कारणवश प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हो पाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए आश्वस्त किया कि सरकार की मंशा श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की है, ताकि खिचड़ी मेले की परंपरा और भव्यता लगातार बनी रहे।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

### एफ़सीआई पंजाब–चंडीगढ़ के जनरल मैनेजर पद पर पंजाब कैडर के IAS अधिकारी की नियुक्ति की मांग

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफ़सीआई) में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पद पर केंद्र सरकार द्वारा की जा रही नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक विस्तृत पत्र लिखकर पूछा है कि जब पंजाब सरकार बार-बार पंजाब कैडर के योग्य आईएएस अधिकारियों के नाम सुझा रही है, तो फिर क्यों इस अहम पद के लिए किसी बाहरी कैडर के अधिकारी को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री के पत्र के अनुसार, एफ़सीआई का पंजाब और चंडीगढ़ क्षेत्र देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में केंद्रीय भूमिका निभाता है। राज्य में गेहूं और धान की सबसे अधिक सरकारी खरीद होने के कारण, पंजाब सरकार का तर्क है कि इस पद पर ऐसा अधिकारी होना चाहिए, जिसे न केवल पंजाब की कृषि प्रणाली की गहरी जानकारी हो, बल्कि स्थानीय



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान - समर न्यूज़

प्रशासनिक तंत्र और किसानों की समस्याओं का भी प्रत्यक्ष अनुभव हो।

**स्थानीय समझ वाले अधिकारी की आवश्यकता पर ज़ोर**

भगवंत मान ने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि बाहरी कैडर के अधिकारी पंजाब के कृषि ढांचे और खरीद प्रणाली की जमीनी परिस्थितियों को पूरी तरह नहीं समझ सकते। उन्होंने कहा कि एफसीआई के इस महत्वपूर्ण पद पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी प्रबंधन, खरीद, भंडारण तथा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ा सकती है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि पंजाब कैडर के अधिकारियों ने वर्षों से कृषि खरीद और खाद्य भंडारण व्यवस्था में महत्वपूर्ण अनुभव अर्जित किया है। ऐसे में उनकी नियुक्ति से न केवल कार्य में बेहतर तालमेल बनेगा, बल्कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों के बीच भी समन्वय मजबूत होगा।

**दो बार भेजा गया पैनल, फिर भी फाइल अटकी** : मुख्यमंत्री मान ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा पहले भी योग्य आईएएस अधिकारियों का एक पैनल केंद्र को भेजा गया था, पर उसे मंजूरी नहीं दी गई। इसके बाद, आपत्तियों को दूर करते हुए एक संशोधित पैनल भेजा गया, लेकिन उसे भी नज़रअंदाज़ करते हुए किसी अन्य कैडर के अधिकारी के नाम को मंजूरी दे दी गई। उन्होंने इस निर्णय को "पंजाब की वास्तविक ज़रूरतों की अनदेखी" बताया। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि एफसीआई की गलत नियुक्तियाँ प्रदेश की खरीद प्रक्रिया, भंडारण क्षमता और खाद्य वितरण प्रणाली को प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि हर साल पंजाब में लाखों मीट्रिक टन अनाज की खरीद होती है, इसलिए यहां का प्रशासनिक नेतृत्व स्थानीय विशेषज्ञता पर आधारित होना चाहिए। मान का कहना है कि यदि एफसीआई प्रबंधन में अनुभवहीन अधिकारी तैनात किए जाते हैं, तो इससे किसानों के भुगतान में देरी, भंडारण संबंधी समस्याएं और केंद्र–राज्य के बीच कार्यतालिका में बाधाएं आ सकती हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृह मंत्री से आग्रह किया है कि पंजाब की स्थिति और उसके तर्कों को गंभीरता से देखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार पंजाब की मांग का सम्मान करेगी और एफसीआई पंजाब–चंडीगढ़ के जनरल मैनेजर पद पर पंजाब कैडर के अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री का यह पत्र कृषि क्षेत्र में केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता और एफसीआई की भूमिका को एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ले आया है।

# सरकारी बस कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

### बस सेवाएं ठप, यात्रियों को भारी परेशानी; किलोमीटर स्कीम के विरोध में डटा कच्चा स्टाफ

**समर न्यूज़ | पटियाला**

पंजाब रोडवेज़, पीआरटीसी और पनबस के कच्चे कर्मियों की हड़ताल रविवार को तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते राज्यभर में सरकारी बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं और यात्रियों को सुबह से ही बस स्टैंड पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगह लोग घंटों बसों का इंतज़ार करते रहे, जबकि कुछ को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार, सरकारी बसों के पहिये लगभग थमे हुए हैं, जिससे रोज़मर्रा के कामकाज, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, छात्रों और लंबी दूरी के यात्रियों को व्यापक





बस की फाइल फोटो - समर न्यूज़

परेशानियां झेलनी पड़ीं। कई मार्गों पर सिर्फ प्राइवेट बसें और ऑटो ही नजर आए।

**किलोमीटर स्कीम के विरोध में जारी संघर्ष** : कच्चे कर्मचारियों की हड़ताल का मुख्य कारण पंजाब सरकार की "किलोमीटर स्कीम" है, जिसके तहत प्राइवेट ऑपरेटरों की बसों को राज्य के विभिन्न मार्गों पर चलाया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि इस स्कीम से सरकारी बसों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है और हजारों कर्मचारियों की नौकरी असुरक्षित हो जाएगी। कर्मचारी संगठनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक सरकार इस स्कीम को वापस नहीं लेती, हड़ताल समाप्त नहीं होगी। ध्यान देने वाली बात है कि हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारियों और पुलिस के बीच टकराव भी हुआ था। बताया जाता है कि जब कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे थे, तो स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की की नौबत आ गई।

अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है, जिस वजह से हड़ताल लगातार लंबी होती जा रही है।

**नामांकन** | 14 दिसंबर को होगा मतदान, महिलाओं के लिए 50% सीट आरक्षित

# जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव, तारनतारन में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**समर न्यूज़ | तरनतारन**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति के आम चुनावों की घोषणा के बाद जिला प्रशासन तारनतारन पूरी तरह से निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की तैयारियों में जुट गया है।

इस संबंध में जिला चुनाव अधिकारी और डिप्टी कमिश्नर राहुल, आई.ए.एस., ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद और जिले की 9 ब्लॉक समितियों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त कर दिए गए हैं। राहुल ने बताया कि जिला परिषद तारण तारण में 20 जोनों और 9 ब्लॉक समितियों के 165 जोनों के लिए चुनाव आयोजित किए जाएंगे। ये चुनाव बैलट पेपर के माध्यम से होंगे और जिला परिषद व ब्लॉक समितियों में 50% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी।

नामांकन प्रक्रिया और रिटर्निंग ऑफिसर

जिला परिषद तारनतारन के चुनाव के लिए राजदीप सिंह बराड़, आई.ए.एस., अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जबकि उनके साथ कर्मजीत सिंह, ई.ओ. नगर कौंसिल तारनतारन सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र नगर कौंसिल कार्यालय तारण तारण में जमा कर सकते हैं। इसी तरह जिले की 9 ब्लॉक समितियों के लिए भी रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं।

**पंचायत समिति तारनतारनः** नामांकन पत्र तहसील कार्यालय तारनतारन में जमा होंगे। रिटर्निंग ऑफिसर दविंदर सिंह, सहायक मेजर सिंह।

**ब्लॉक समिति गांडीविंदः** नामांकन पत्र तहसील झबाल कलां में जमा होंगे। रिटर्निंग ऑफिसर जसविंदर सिंह, सहायक अजयपाल सिंह।

**ब्लॉक समिति खडूर साहिबः** नामांकन पत्र श्री गुरु अंगद देव कॉलेज खडूर साहिब में जमा होंगे। रिटर्निंग ऑफिसर तेजबीर सिंह भंगू, सहायक मोहित।


अन्य ब्लॉक समितियों के लिए भी संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। जिला चुनाव अधिकारी राहुल ने बताया कि उम्मीदवार 1 दिसंबर सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। नामांकन पत्रों की जांच 5 दिसंबर को होगी और वापस लेने की अंतिम तिथि 6 दिसंबर शाम 3:00 बजे तक है।

नामांकन पत्रों के साथ हलफनामा और यदि उम्मीदवार किसी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि हैं, तो संबंधित पार्टी का प्रमाण पत्र भी आवश्यक होगा। चुनाव 14 दिसंबर सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बैलट पेपर के माध्यम से होंगे। मतदान की गिनती 17 दिसंबर को निर्धारित केंद्रों पर की जाएगी।

जिला प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित हो, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई न हो और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर प्राप्त हों।

## मैं बोलूंगा तो...

### खंभा गिरा था, पर राजनीति खड़ी हो गई, रोहतक से चंडीगढ़ तक हाहाकार!




समर न्यूज | चंडीगढ़

रोहतक में बास्केटबॉल खिलाड़ी की दुखद मौत पर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्री ऐसे आमने-सामने हो गए हैं जैसे IPL में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स टकरा जाएं, मैच छोटा लेकिन बखेड़ा बड़ा!
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा सरकार की खेल नीति पर सवाल उठाते हुए कहा—
"बच्चे की लाश स्टेडियम से घर गई ये हादसा नहीं, मानव गलती है!"
यानी उनकी भाषा में—
'खेल नीति में खंभा ज़्यादा मजबूत है, खिलाड़ी कम!'
जवाब में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैणी ने भी बैट घुमा दिया- "गलती से ग्राउंड में मौत हुई और हाँ, हम एक महीने में पंजाब से नशा खत्म कर देंगे." मतलब नशा और राजनीति दोनों पर एक साथ 'कब्ज़ा' करने का इशारा!
फिर सैणी ने चुटकी ली- "केजरीवाल ने चाबी भर दी और वो (मान) रोहतक आ गए! लगता है सीएम की ये लड़ाई अब खंभा बनाम चाबी लीग में बदल चुकी है।
असल में ये पूरा मामला हरियाणा-पंजाब की सामान्य रस्साकशी से ज़्यादा, "कौन किसकी धरती पर अपनी कहानी सुना जाए" वाला चुनावी प्री-ट्रेलर है।
हरियाणा सीएम कुछ दिनों से पंजाब में ऐसे घूम रहे हैं, जैसे पंजाब टूरिज़्म ने उन्हें ब्रांड एंबेसडर बना दिया हो।
वहीं, आप सरकार कहती है- "हम भी खाली नहीं बैठे, हम भी हरियाणा जाकर जवाब देंगे- राजनीति का 'होम-एंड-अवे' मैच चल रहा है।"
घटनाः बच्चा अभ्यास के लिए गया था, राजनीति प्रैक्टिस के मोड में आ गई
रोहतक के लांखनमाजरा गांव का 16 वर्षीय हार्दिक 25 नवंबर को बास्केटबॉल प्रैक्टिस के लिए गया था।
पर दुख की बात यह कि कसरत करते-करते वह खंभे से लटका और भारी खंभा उसकी छाती पर गिर गया।
750 किलो का खंभा- यानी "खंभे ने खुद को 'वेटलिफ्टर' समझ लिया और खिलाड़ी को 'मैट'।"
साथी खिलाड़ियों ने तुरंत खंभा हटाया और हस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
घटना एक दर्दनाक हादसा थी, लेकिन नेताओं ने इसे ऐसा मुद्दा बनाया जैसेः-
खंभा गिरा नहीं, चुनावी मुद्दा खुद पैरों पर चलकर मंच पर आ गया हो।
किसी ने खंभे पर इल्ज़ाम लगाया,
किसी ने दूसरे राज्य की सरकार पर,
और अंतिम निष्कर्ष वही—
जहाँ खंभा गिरता है, वहाँ राजनीति उठ खड़ी होती है!
**#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews**

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आज का दिन एक नई शुरुआत, नई उम्मीदों और नए अवसरों के साथ आपके जीवन की दहलीज़ पर खड़ा है। मुस्कुराहट के साथ इसका स्वागत करें, क्योंकि आज का हर पल आपको कुछ सिखाने, आगे बढ़ाने और खुशियां देने की क्षमता रखता है। आज अपने आसपास अच्छाई बांटें, किसी को प्रोत्साहन दें, और खुद भी खुश रहने की कोशिश करें।

**दमनप्रीत कौर**
**टाइटल विनर, मिसेज इंडिया फैशन आइकॉन 2024-25**

# भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग नियमों में किया बड़ा सुधार

## 5 हजार से ज्यादा पुराने सर्कुलर खत्म

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक सुधार किया है। केंद्रीय बैंक ने 5,000 से अधिक पुराने सर्कुलरों को रद्द कर दिया है, जिनमें से कई 1940 के दशक से चले आ रहे थे और अब अप्रासंगिक हो चुके थे। इसके अलावा, लगभग 9,000 सर्कुलरों को समेकित कर 244 नई मास्टर गाइडलाइन का हिस्सा बना दिया गया है, जिससे नियमों को समझना और लागू करना दोनों आसान हो जाएगा। डिप्टी गवर्नर एससी मुर्मू ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की टीम ने हजारों सर्कुलरों की गहन समीक्षा की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि किन आदेशों की जरूरत है और किन्हें हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एकीकृत मास्टर गाइडलाइन से बैंकों को सभी महत्वपूर्ण नियम एक जगह मिल जाएंगे, जिससे उनकी कार्यप्रणाली अधिक सुगम और व्यवस्थित होगी।

**▪ आम लोगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा...**

नई व्यवस्था का कुछ असर आम ग्राहकों पर भी देखने को मिल सकता है। सरकारी प्रतिभूतियों से जुड़े लोन और निवेश के नियमों में बदलाव किया गया है, जिससे इस क्षेत्र में निवेश करने वाले लोग प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा, डिजिटल बैंकिंग को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 नई मास्टर गाइडलाइन जारी की हैं। इससे ऑनलाइन बैंकिंग, सायबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन को लेकर नई व्यवस्था लागू होगी, जो ग्राहकों के अनुभव और सुविधा दोनों को प्रभावित करेगी।

**▪ क्या यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी...**

भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर में 238 मास्टर गाइडलाइन का ड्राफ्ट जारी किया था, जिसे अब बढ़ाकर 244 कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया फिलहाल जारी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी बदलाव होते रहेंगे। इस कदम को देश की बैंकिंग प्रणाली को आधुनिक, सरल और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।

## सरकार का बड़ा फैसला, मैसेजिंग ऐप्स के इस्तेमाल के नियम बदलेंगे

# मोबाइल में सिम से ही चलेंगे टेलीग्राम, वॉट्सएप और स्नैपचैट, साइबर अपराधों पर लगेगी लगाम

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप्स के उपयोग को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि व्हाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे सभी ऐप्स अब केवल तभी काम करेंगे जब उपयोगकर्ता के फोन में सक्रिय सिम कार्ड मौजूद होगा।
सरकार ने यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। ऐप कंपनियों को 90 दिनों के भीतर नई तकनीकी व्यवस्था लागू करनी होगी और 120 दिनों के अंदर अनुपालन रिपोर्ट जमा करनी होगी। यह आदेश दूरसंचार साइबर सुरक्षा (संशोधन) नियम, 2025 के तहत जारी हुआ है, जिसमें पहली बार ओटीटी मैसेजिंग ऐप्स को टेलीकॉम सेक्टर के कड़े सुरक्षा नियमों के दायरे में लाया गया है।

**▪ सिम कार्ड–बाइंडिंग अनिवार्य...**

डीओटी ने निर्देश दिया है कि 90 दिनों के भीतर हर ऐप को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐप केवल उसी मोबाइल नंबर/सिम से संचालित हो, बिना सक्रिय सिम कार्ड के ऐप खुल भी न सके। इससे फोन नंबर, उपयोगकर्ता और डिवाइस के बीच एक सुरक्षित और ट्रेस करने योग्य कनेक्शन बनेगा।

**▪ वेब वर्ज़न पर भी सख्ती, नए नियमों के तहत...**

व्हाट्सएप वेब जैसे सभी वेब प्लेटफॉर्म हर 6 घंटे में अपने आप लॉग-आउट हो जाएंगे। दोबारा उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ता को फिर से QR कोड स्कैन कर डिवाइस लिंक करना होगा।
सरकार का कहना है कि यह कदम ऐप्स के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए जरूरी है।

**▪ साइबर फ्रॉड रोकने के लिए कड़े कदम...**

डीओटी ने बताया कि हाल के महीनों में कई साइबर अपराधी खासकर विदेशों से संचालित गिरोह सिम निष्क्रिय होने के बाद भी इन ऐप्स का इस्तेमाल जारी रखते हैं। ऐसे अपराधों में कॉल रिकॉर्ड, लोकेशन इतिहास, या किसी भी टेलीकॉम डेटा के जरिये उनकी पहचान कर पाना बेहद कठिन होता है। सिम-बाइंडिंग से इस जोखिम को काफी हद तक रोका जा सकेगा।

**▪ टेलीकॉम कंपनियों की मांग पूरी...**

सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) लंबे समय से सुझाव दे रहा था कि मैसेजिंग ऐप्स का "सिम से स्वतंत्र" संचालन सुरक्षा के लिए खतरा है। सीओएआई का कहना है कि यह नियम स्पैम कॉल, फर्जीवाड़े और वित्तीय धोखाधड़ी पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**• सिम-बाइंडिंग नियम से साइबर अपराधों पर लगेगी लगाम**




नई व्यवस्था लागू होने के बाद साइबर अपराधों में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।
अब तक कई साइबर गिरोह, विशेषकर विदेशों से संचालित नेटवर्क, निष्क्रिय या बदले हुए सिम कार्ड के बावजूद व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे ऐप्स का इस्तेमाल जारी रखते थे, जिससे उनकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो जाता था। नए सिम-बाइंडिंग नियम के चलते हर ऐप उपयोगकर्ता को सक्रिय सिम से लिंक करना अनिवार्य होगा, जिससे अपराधियों के लिए फर्जी पहचान बनाकर धोखाधड़ी करना कठिन हो जाएगा। इसके अलावा, वेब वर्ज़न का हर छह घंटे में ऑटो-लॉगआउट भी सुरक्षा को मजबूत करेगा, क्योंकि यह ऐप्स के दुरुपयोग की संभावनाओं को और सीमित कर देगा। टेलीकॉम डेटा, लोकेशन और मोबाइल नंबर के बीच एक सटीक और विश्वसनीय लिंक बनने से साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल और वित्तीय ठगी पर कड़ा नियंत्रण संभव होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम देश के साइबर सिक्योरिटी ढांचे को मजबूत बनाएगा और डिजिटल सुरक्षा को एक नए स्तर पर ले जाएगा।

# चंडीगढ़ में पहले सेक्टर 13 नहीं था, अब बनने पर क्या हुआ

सारांश मेहरा | चंडीगढ़
समर न्यूज़

हर शहर अपनी इतिहास और दिलचस्प कहानियों के लिए जाना जाता है। चंडीगढ़ भी अपनी अनोखी सेक्टर योजनाओं और खास तौर पर सेक्टर 13 की कहानी के लिए मशहूर है। करीब 54 साल बाद, चंडीगढ़ ने आखिरकार अपना सेक्टर 13 "वापस" पा लिया है—लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि शहर में यह सेक्टर पहले क्यों नहीं था?

**▪ सेक्टर 13 को पहले क्यों नहीं रखा गया...**

जब भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सपनों का शहर चंडीगढ़ बनाया जा रहा था, तो इसके डिजाइन में सेक्टर 13 मौजूद नहीं था। इसका कारण था शहर के आर्किटेक्ट ले कोरबुज़िए। कोरबुज़िए संख्या 13 को अशुभ मानते थे, इसलिए उन्होंने शहर की प्लानिंग में किसी भी क्षेत्र को सेक्टर 13 का नाम नहीं दिया। यही वजह है कि चंडीगढ़ की सेक्टर प्रणाली में 1 से 12 और फिर 14 से आगे के नंबर थे, लेकिन 13 गायब था।

**▪ 2020 में आया बड़ा बदलावः**

**वापस आया सेक्टर 13...**

चंडीगढ़ प्रशासन ने वर्ष 2020 में एक नोटिफिकेशन जारी कर आठ इलाकों के नाम बदल दिए, जिनमें सेक्टर 13 भी शामिल था। प्रशासन ने मनीमाजरा को आधिकारिक तौर पर सेक्टर 13 मनीमाजरा नाम दे दिया। जब यह प्रस्ताव जनता के सामने रखा गया तो कई लोगों ने इसका विरोध किया, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इसे लागू कर दिया और मनीमाजरा को सेक्टर 13 घोषित कर दिया।

**▪ सिर्फ सेक्टर 13 ही नहीं—कई और क्षेत्र भी बदले गए...**

सेक्टर 13 के साथ-साथ ही यह सेक्टर भी चंडीगढ़ की सेक्टर सूची में जोड़े गएः
- सेक्टर 12 वेस्ट
- सेक्टर 14 वेस्ट
- सेक्टर 39 वेस्ट
- सेक्टर 56 वेस्ट

**इंडस्ट्रियल और बिजनेस पार्क–1, 2 और 3...** ध्यान देने वाली बात ये है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी सेक्टर 13 नहीं है। सिर्फ चंडीगढ़ ही नहीं, बल्कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी सेक्टर 13 मौजूद नहीं है। इन शहरों में भी इसे अशुभ मानकर सेक्टर नंबरिंग में शामिल नहीं किया गया।

# दिल्ली की हवा में मामूली सुधार, ठंडी हवाओं से मिला सहारा, पिछले पांच साल का सबसे ठंडा नवंबर दर्ज

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह प्रदूषण के स्तर में हल्का सुधार देखने को मिला, हालांकि हवा अब भी 'खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 270 रिकॉर्ड किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। पिछले कई दिनों से हवा 'बहुत खराब' और 'गंभीर' स्तर में थी, लेकिन शनिवार शाम से सतही हवाओं में आई तेजी ने कुछ राहत दी है। हालांकि, यह सुधार सीमित दायरे में ही दिखा। शहर के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता औसत AQI से भी खराब पाई गई। अधिकतर मॉनिटरिंग स्टेशनों के आंकड़े आज भी AQI 300 से नीचे रहे, लेकिन कई स्थान 'बहुत खराब' श्रेणी के पास तक पहुंचे।

**▪ सबसे ज्यादा प्रदूषण वाले इलाके...**

शादीपुर आज सुबह सबसे प्रदूषित स्थान रहा, जहां AQI 336 दर्ज किया गया। इसके बाद आरके पुरम 308 के AQI के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में शामिल रहा। शहर के अन्य प्रदूषण हॉटस्पॉट जैसे बुराड़ी (283), बवाना (295), सिरिफोर्ट (295), वजीरपुर (282), चांदनी चौक (281), आनंद विहार (281), नरेला (279), पंजाबी बाग (266) और जेएलएन स्टेडियम (269) 'खराब' श्रेणी में रहे।
वहीं, मंदिर मार्ग सबसे कम प्रदूषण वाले क्षेत्रों में शामिल रहा, जहां AQI 157 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। आयानगर (225), आईजीआई एयरपोर्ट (227), द्वारका NSIT (228), लोधी रोड (251), अलीपुर (247), नजफगढ़ (242) और नॉर्थ कैंपस (240) भी 'खराब' श्रेणी में रहे।

**▪ आने वाले दिनों में बढ़ेगी ठंड, घट सकता है प्रदूषण...**

*मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में उत्तरी भारत में सर्दी और बढ़ेगी। अगले दो दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान 2–4C तक गिर सकता है। पूर्वोत्तर भारत में तापमान दो दिनों तक सामान्य रहेगा, इसके बाद 2C तक गिरावट संभव है। हिमाचल प्रदेश और पंजाब में 2 दिसंबर तक घना कोहरा और ठंड की लहर जारी रह सकती है। दिल्ली-एनसीआर में आज उत्तर-पश्चिमी हवाएं 10 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेंगी। 1 दिसंबर तक सतही हवा की गति बढ़कर 15 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है, जिससे प्रदूषण में और कमी आने की उम्मीद है।*

**▪ 401 और उससे ऊपरः गंभीर (स्वस्थ लोगों को भी नुकसान)**



*रविवार सुबह लोगों ने हवा में बनी धुंध, आंखों में जलन और सांस लेने में असुविधा की शिकायत की। कई लोगों का कहना था कि पिछले सप्ताह की तुलना में दृश्यता बेहतर जरूर दिख रही है, लेकिन हवा अभी भी "भारी" महसूस हो रही है। राजधानी ने नवंबर महीने के लगभग आधे दिनों को खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में गुजारा है, जिससे लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने को लेकर चिंता बढ़ गई है।*

**▪ दिल्ली में 5 साल का सबसे ठंडा नवंबर...**

*भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, इस बार दिल्ली में नवंबर पिछले पांच वर्षों में सबसे ठंडा रहा। इस महीने का औसत न्यूनतम तापमान 11.5C दर्ज किया गया। यह तापमान पिछले साल यानी 2024 के औसत 14.7C से काफी कम है। 2023 में औसत 12C, 2022 में 12.3C और 2021 में 11.9C न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। दिन का अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे रहा। इस नवंबर में औसत अधिकतम तापमान 27.7C रहा, जबकि पिछले साल 29.4C था। इस महीने का सबसे कम अधिकतम तापमान 25.1C दर्ज हुआ, जिससे दिन में भी ठंड अधिक महसूस हुई। नवंबर महीना पूरी तरह शुष्क भी रहा—एक भी बारिश नहीं हुई। पिछले वर्ष नवंबर में दो दिन बारिश दर्ज हुई थी।*

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | **बिना पुलिस की रिपोर्ट नहीं मिलेगा डुप्लीकेट सर्टिफिकेट, पहले असली सर्टिफिकेट जमा कराना होगा**

# पीएसईबी के नए नियम में प्रमाणपत्र की दूसरी कॉपी लेना हुआ सख्त

कमलेश शर्मा | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (PSEB) ने प्रमाणपत्र की दूसरी कॉपी जारी करने के नियम और कठोर कर दिए हैं। अब किसी भी छात्र को डुप्लीकेट सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि बिना पुलिस रिपोर्ट के कोई भी दूसरा प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। यदि किसी का सर्टिफिकेट फट गया है, तो उसे वह असली क्षतिग्रस्त प्रमाणपत्र बोर्ड कार्यालय में जमा कराना होगा।

## दूसरी कॉपी के लिए पुलिस रिपोर्ट, हलफनामा अनिवार्य

*PSEB ने पहली बार डुप्लीकेट सर्टिफिकेट के लिए FIR/पुलिस रिपोर्ट को अनिवार्य किया है। स्कूल प्रिंसिपलों को इस संबंध में भी निर्देश भेजे गए हैं। यदि सर्टिफिकेट खो गया है, तो आवेदक को पुलिस रिपोर्ट के साथ एक शपथपत्र भी देना होगा। इस हलफनामे में यह स्पष्ट लिखना होगा कि यदि भविष्य में मूल प्रमाणपत्र मिल जाता है, तो आवेदक डुप्लीकेट में से एक कॉपी बोर्ड कार्यालय में जमा करेगा। बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि केवल वही लोग डुप्लीकेट सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करें, जिन्हें वास्तव में ज़रूरत हो। कई युवाओं द्वारा प्रमाणपत्र बैंक में लोन के लिए जमा करवा देने और फिर बोर्ड से दूसरी कॉपी निकलवाने की घटनाओं के कारण बोर्ड को कई बार कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पुलिस रिपोर्ट या क्षतिग्रस्त सर्टिफिकेट जमा करवाकर ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवेदक का प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है या खराब हुआ है।*

## ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन संभव

PSEB **से दूसरी कॉपी प्राप्त करने के लिएः**
**▪ ऑफलाइनः** आवेदक को बोर्ड मुख्यालय (मोहाली) जाकर सिंगल विंडो काउंटर पर आवेदन देना होगा। **▪ ऑनलाइनः** आवेदक घर बैठे ही आवेदन कर सकता है, जिससे प्रक्रिया आसान और तेज़ हो जाती है।

**2002 से पहले वाले विद्यार्थियों को नहीं मिलेगी विस्तृत मार्क्स डिटेल...**

*बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 2002 से पहले की मार्कशीट की आवश्यकता वाले आवेदकों को विषय–वार अंक नहीं दिए जाएंगे। उन्हें केवल इतना प्रमाण मिलेगा कि वे उस वर्ष पास थे या फेल-अंक विवरण उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।*

**▪ 2020–2024 के विद्यार्थियों के लिए समस्या...**

*PSEB ने 2020 से 2024 तक छात्रों को केवल ई–सर्टिफिकेट जारी किए थे। जिन छात्रों ने उस समय हार्ड कॉपी की फीस जमा की थी, उन्हें ही प्रिंटेड सर्टिफिकेट मिले थे। अब यदि उस समय के किसी छात्र को हार्ड कॉपी चाहिए, तो स्थिति जटिल हो जाती है, क्योंकि-वे 'गुम होने' की पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करवा सकते। उनके पास क्षतिग्रस्त हार्ड कॉपी भी नहीं है। और उस समय बोर्ड ने अधिकतर छात्रों को कोई हार्ड कॉपी जारी ही नहीं की थी। इस स्थिति में बोर्ड के लिए हार्ड कॉपी जारी करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।*

# एनआईटी कुरुक्षेत्र में 20वां दीक्षांत समारोह, उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने युवाओं को दी नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा

## एनआईटी देश की इंजीनियरिंग प्रतिभा का केंद्र, छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं: नायब सैनी

**समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र**

एनआईटी कुरुक्षेत्र में 20वां दीक्षांत समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि युवा देश के विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनका कौशल भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मंच पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की अध्यक्ष डॉ तेजस्विनी अनंत, तथा संस्थान के निदेशक प्रो. बीवी रमना रेड्डी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधान में सजे विद्यार्थी अपने साथियों और शिक्षकों के साथ खुशी साझा करते नजर आए। मंच से मेरिट प्राप्त छात्रों की उपलब्धियों का सम्मान किया गया, जिससे अभिभावकों के चेहरे गर्व से चमक उठे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एनआईटी कुरुक्षेत्र जैसी संस्थाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंजीनियरिंग प्रतिभाओं को तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस दीक्षांत समारोह में शामिल होकर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। यहां से निकले छात्र दुनिया के हर कोने में अपने कौशल और समर्पण का परचम लहरा रहे हैं। सीएम ने बताया कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को लगातार बढ़ावा दे रही है। 2014 से पहले हरियाणा में केवल 29 सरकारी तकनीकी शिक्षण संस्थान थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 44 हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नई तकनीकी विकास में एनआईटी कुरुक्षेत्र का योगदान उल्लेखनीय है। दीक्षांत समारोह के बाद उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय देव स्थानम सम्मेलन में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि तेजी से बदल रही दुनिया में गीता का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि गीता मानवता को स्थिरता, कर्तव्य और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य की राह गीता के सार से होकर गुजरती है। गीता हमें सिखाती है कि सफलता से अहंकार नहीं और असफलता से निराश नहीं होना चाहिए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि देवस्थान हमारी संस्कृति की आधारशिला हैं। कोई भी देश अपनी संस्कृति के साथ ही आगे बढ़ सकता है। देवस्थान लोगों को जीवन जीने की राह दिखाते हैं और सांस्कृतिक मूल्यों का संवहन करते हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आयोजित यह सम्मेलन लगातार वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है।



दीक्षांत समारोह में मौजूद उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य लोग। - समर न्यूज़

# नेशनल पावर लिफ्टर रोहित की मारपीट से मौत, शादी में विवाद के बाद बरातियों ने किया हमला

## 20 हमलावरों ने लोहे की रॉड-हॉकियों से रोहित धनखड़ पर किया था हमला

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

सात बार के नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियन रोहित धनखड़ की पिटाई से हुई मौत ने रोहतक और भिवानी क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। भिवानी जिले के तिगड़ाना गांव के कुछ युवकों ने शादी समारोह में रोहित पर हमला किया था। दो दिन तक पीजीआई रोहतक में इलाज चलने के बाद रोहित ने दम तोड़ दिया। घटना 27 सितंबर की है, जब रोहित अपने दोस्त के साथ रिश्तेदारी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने भिवानी गया था। समारोह के दौरान बरातियों के अभद्र और नशे में धुत व्यवहार पर रोहित ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस और झगड़ा हो गया।

समारोह खत्म होने के बाद रोहित और उसका दोस्त रोहतक लौट रहे थे। रास्ते में करीब पंद्रह से बीस बरातियों ने दोनों को घेर लिया। रोहित के दोस्त यतीन के अनुसार, बरातियों ने लोहे की रॉड और हॉकियों से रोहित पर बेरहमी से हमला कर दिया। यतीन किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रहा। गंभीर रूप से घायल रोहित को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दो दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आठ साल पहले ही रोहित के पिता की भी मौत हो चुकी है, जिससे यह हादसा परिवार के लिए और भी बड़ा सदमा बन गया है। परिजनों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में आक्रोश है और खेल जगत ने भी रोहित की मौत को बड़ी क्षति बताया है।



नेशनल पावरलिफ्टर रोहित धनखड़ की फाइल फोटो - समर न्यूज़

# इंग्लैंड में मारे गए कमल का शव ढाई महीने बाद गांव पहुंचा

## अमेरिका में हरियाणवी युवक की मौत से दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

**समर न्यूज़ | जींद**

जिले के सफीदों क्षेत्र के गांव खड़कागर की गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। हर आंख नम थी, क्योंकि लगभग ढाई महीने बाद गांव के बेटे कमल का पार्थिव शरीर ताबूत में लिपटा हुआ अपने घर पहुंचा। बेहतर भविष्य की तलाश में इंग्लैंड गया 25 वर्षीय कमल अब हमेशा के लिए लौट आया। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। कमल सफीदों के पूर्व विधायक रामफल कुंडू के भाई ईश्वर सिंह का पोता था। बेहतर जिंदगी की उम्मीद में कमल ने इंग्लैंड जाने के लिए खतरनाक डंकी रूट' चुना था। इस यात्रा में मौत का खतरा हर कदम पर मौजूद रहता है। कमल ने वहां पहुंचने और बसने के लिए अपने परिजनों व परिचितों से करीब 30 लाख रुपये उधार लिए थे। उसने सपना देखा था कि विदेश में कमाई करके अपने बूढ़े माता-पिता के जीवन में रोशनी लाएगा। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सपनों से भरी उम्र में कमल ने सोचा था कि विदेश की चमक उसका और उसके परिवार का भविष्य बदल देगी। परिजनों को उम्मीद थी कि बेटा पढ़-लिखकर और काम करके घर लौटेगा, लेकिन उन्हें ताबूत में उसका निर्जीव शरीर मिला। गांव में मातम का माहौल है और परिजन सदमे में हैं। उधर सफीदों क्षेत्र के ही साहनपुर गांव के 32 वर्षीय सुधीर राठी की अमेरिका में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उसकी लाश पिछले छह दिनों से वहीं पड़ी है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, जिस कारण वे उसका शव भारत नहीं ला पा रहे।


मृतक कमल - समर न्यूज़

**दो घरों में पसरा मातम**

कमल और सुधीर दोनों ही अपने परिवारों की उम्मीद थे। विदेश जाकर जीवन बदलने का सपना देखते हुए उन्होंने घर छोड़ा था, लेकिन अब दोनों की मौत ने दो परिवारों से लेकर पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। ग्रामीणों और परिजनों ने सरकार से मांग की है कि विदेशों में फंसे या जान गंवा चुके युवाओं के परिवारों की मदद के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# गीता मनुष्य को कर्म, अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है : डीईओ अशोक कुमार बघेल

## पलवल में मनाया गया गीता महोत्सव

**समर न्यूज़ | पलवल**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को अतिरिक्त उपायुक्त जयदीप कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने जिला सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा गीता उपदेशों पर आधारित प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया और विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी, और डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का अनुसरण करने से जीवन की दिशा सकारात्मक रूप से बदलती है और कठिन राह भी सरल हो जाती है। उन्होंने कहा कि गीता मनुष्य को कर्म, अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मनुष्य को बिना फल की चिंता किए कर्म करना चाहिए। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें और गीता के शाश्वत संदेश को जीवन में धारण करें। आचार्य कुलदीप कौशिक ने कहा कि गीता का सार हर आयु व वर्ग के लोगों के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गीता का एक श्लोक भी यदि मन से आत्मसात कर लिया जाए तो जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भगवद्गीता में मुख्य रूप से कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग का वर्णन किया गया है, जो जीवन प्रबंधन का सरल और प्रभावी मार्ग प्रस्तुत करते हैं।


हवन यज्ञ करते हुए उपायुक्त व अन्य प्रशासनिक अधिकारी। - समर न्यूज़

# इंग्लैंड में चरखी दादरी जिले के युवक की चाकू मारकर हत्या

**समर न्यूज़ | चरखी दादरी**

जिले के 30 वर्षीय युवा विजय कुमार की इंग्लैंड में हत्या कर दी गई। यह दर्दनाक वारदात 25 नवंबर को वोरसेस्टर शहर में हुई जो लंदन से करीब 215 किलोमीटर दूर है। कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने विजय पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में भारतीय मूल के पांच युवकों को हिरासत में लिया है। पोस्टमॉर्टम करवाया जा चुका है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही विजय के गांव जगराम बास में शोक की लहर फैल गई।

विजय कुमार, सेना से सेवानिवृत्त सुरेंद्र सिंह का 27 वर्षीय पुत्र था। उसने आबकारी विभाग में इंस्पेक्टर के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और इसके बाद एमबीए की पढ़ाई करने इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर चला गया था। करीब 10 दिन पहले ही विजय ने भारतीय सेना में तैनात अपने बड़े भाई रवि से वीडियो कॉल पर बात की थी। उसने बताया था कि वह जनवरी में पढ़ाई पूरी करने के बाद फरवरी में घर लौट आएगा। लेकिन परिवार पर दुखों का पहाड़ तब टूट पड़ा जब बुधवार देर शाम लंदन पुलिस ने सूचना दी कि सोमवार को तेजधार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई है। लंदन पुलिस ने इस मामले में भारतीय मूल के जिन पांच युवकों को पकड़ा है, वे कुरुक्षेत्र, सहारनपुर और दिल्ली के बताए जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि विजय का शव भारत पहुंचने में करीब दस दिन लग सकते हैं। इस दर्दनाक घटना से गांव में मातम का माहौल है और परिवार न्याय की मांग कर रहा है।

# मनीषा मौत मामला: ढाणी लक्ष्मण में ग्रामीणों का सांकेतिक धरना, निष्पक्ष जांच की उठी मांग



इंसाफ की मांग को लेकर धरना देते हुए ग्रामीण। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | भिवानी**

मनीषा मौत मामले में एक बार फिर न्याय की मांग जोर पकड़ने लगी है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, किसान नेताओं और ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव ढाणी लक्ष्मण में सांकेतिक धरना शुरू किया। धरना बीसी चौपाल के आगे मुख्य बस स्टैंड के निकट सुबह ग्यारह बजे आरंभ हुआ। ग्रामीणों ने एक दिवसीय उपवास रखते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र न्याय की मांग उठाई। धरने में किसान नेता सुरेश कोथ, पुष्पा मलिक जूई, सरपंच जयसिंह, पूर्व सरपंच शम्भू, कृष्ण निगाणा (जिला प्रधान स्वामी समाज भिवानी), संजू दलाल (तोशाम), शिवकुमार वैरागी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पटोदी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुष्पा मलिक जूई ने कहा कि अगर प्रशासन ने समय रहते सही कार्रवाई की होती तो आज ग्रामीणों को धरने पर नहीं बैठना पड़ता। शनिवार सुबह चौक पर जेसीबी से जगह को समतल कर टेंट लगाया गया। भीड़ अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन आने-जाने वाले लोगों के लिए उचित व्यवस्थाएं की गई थीं। गौरतलब है कि मनीषा मौत मामले को साढ़े तीन माह बीत चुके हैं जबकि सीबीआई पिछले ढाई महीनों से जांच कर रही है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आ पाया है। जांच की प्रगति और तथ्य सामने न आने से ग्रामीणों और परिजनों में गहरा रोष है।

इसी नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने 30 नवंबर को सांकेतिक धरना और भूख हड़ताल का ऐलान किया था। आज दिया गया यह विरोध उसी अल्टीमेटम के तहत किया गया, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात में खेलों पर फोकस: विज


पीएम मोदी की मन की बात सुनते हुए मंत्री अनिल विज व अन्य। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की नवीनतम कड़ी में खेल, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण प्रमुख विषय रहे। कार्यक्रम के उपरांत हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री हर माह इस मंच के जरिए जनता से सीधे संवाद करते हैं और देश की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। अनिल विज ने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से युवा पीढ़ी को खेलों से जुड़ने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका निर्णायक है और खेल उन्हें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व राष्ट्रभावना प्रदान करते हैं। हरियाणा को लेकर गर्व व्यक्त करते हुए अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में राज्य की खेल उपलब्धियों का उल्लेख किया जो हरियाणा को भारत के स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित करता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कुरुक्षेत्र स्थित गीता नगरी की अपनी हालिया यात्रा के अनुभव भी देशवासियों के साथ बांटे।

# अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर भाजपा ने चलाया रेल यात्री संपर्क अभियान

**समर न्यूज़ | अंबाला**

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विशेष रेल यात्री संपर्क अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व विधायक संतोष सारवान और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लोकसभा संयोजक राजेश बतोरा ने किया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में खासा उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न टीमों में बंटकर यात्रियों, फूड स्टॉल संचालकों और आसपास मौजूद लोगों को स्वदेशी अपनाने के महत्व के बारे में जागरूक करते नजर आए। जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में जनभागीदारी सबसे अहम है। आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जो देश की आर्थिक संरचना को मजबूत करने, रोजगार बढ़ाने और स्थानीय उद्योगों को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगा।


रेलवे स्टेशन पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। - समर न्यूज़

कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को बताया कि स्वदेशी उत्पाद अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है, बल्कि छोटे उद्योगों, ग्रामीण कारीगरों और स्थानीय स्टार्टअप्स को भी प्रोत्साहन मिलता है।

फूड स्टॉल संचालकों को भी स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। स्टेशन परिसर में लगाए गए पोस्टरों व पंपलेट्स के माध्यम से भी आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सरल भाषा में समझाया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, हितेश जैन, रमेश पाल नहोनी, करमचंद गोल्डी सैनी, सतीश धीमान, अनमोल सोबती, दिनेश लदाना, कुलदीप बड़ोला, हरजिंदर पाल सिंह, सरदूल सिंह, पिंकू सूद, फकीर चंद, शेर सिंह नग्गल, अमरजीत सारंगपुर, निर्मल सिंह धुराला, गुरदेव दत्त, साहिल कक्कड़ सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

**घटना** — पुलिस हादसे के कारणों की कर रही जांच

# हादसे में घायल को विस स्पीकर ने अस्पताल पहुंचाया

**समर न्यूज़ | करनाल**

सड़क हादसे के बाद जो मानवीय संवेदनशीलता सामने आई, उसने यह साबित कर दिया कि संकट की घड़ी में पद और प्रतिष्ठा नहीं, इंसानियत सबसे बड़ी होती है। देर रात कुंजपुरा रोड पर नेवल-गांव के समीप एक कार दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण, जो एक विवाह समारोह से लौट रहे थे, रास्ते में इस हादसे से रूबरू हुए।

घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने बिना किसी देरी के अपनी गाड़ी रुकवाई और तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल को खून से लथपथ हालत में देखकर उन्होंने तत्काल सहायता शुरू कराई। कल्याण ने अपने साथियों के साथ मिलकर मौके पर प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करवाया और तुरंत वाहन की व्यवस्था कर घायल को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में भर्ती कराए जाने तक उन्होंने संबंधित स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए और स्थिति की पूरी निगरानी की।

घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि वाहन का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि किसी तरह की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आसपास मौजूद लोगों और व्यक्तिगत वाहनों से प्राप्त चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि इस समय हमारी प्राथमिकता घायल व्यक्ति की जान बचाना था। मौके पर मौजूद स्पीकर साहब और अन्य लोगों की तत्परता के कारण घायल को समय पर इलाज मिल पाया। यह एक सराहनीय मानवीय पहल है। इस पूरी घटना ने यह संदेश दिया कि आपदा और संकट की घड़ी में राजनीतिक पदों से ऊपर उठकर भी आम आदमी के साथ खड़ा होना ही असली नेतृत्व है। हरविंदर कल्याण की तत्परता ने यह साबित किया कि सार्वजनिक जीवन में संवेदनशीलता और मानवीयता सबसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं।


सड़क हादसे की तस्वीर - समर न्यूज़

# जीएवी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 89 में मनाया गया नमस्तुभ्यं महोत्सव

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

सेक्टर-89 स्थित जीएवी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक महोत्सव बड़े उत्साह और पारंपरिक भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष महोत्सव की थीम नमस्तुभ्यं रखी गई, जिसका उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना से जोड़ना था। पूरे परिसर में भारतीय परंपरा, अध्यात्म और रंगारंग प्रस्तुतियों का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। महाभारत फेम अर्जुन, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज, उद्योगपति बीआर सीकरी सहित कई गणमान्य लोग विशेष रूप से शामिल हुए।

मंच पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य, संगीत, नाटक और पौराणिक प्रसंगों ने दर्शकों से भरपूर सराहना बटोरी। स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने बच्चों की प्रस्तुतियों और स्कूल प्रबंधन की पहल की प्रशंसा की। उद्योगपति बीआर सीकरी ने भी विद्यार्थियों की ऊर्जा और स्कूल की आयोजन क्षमता को उत्कृष्ट बताया। स्कूल के चेयरमैन प्रदीप कौशिक ने कहा कि जीएवी इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देता है। मैनेजिंग डायरेक्टर मनीषा कौशिक ने बताया कि नमस्तुभ्यं थीम बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक सफल प्रयास है। कार्यक्रम उस समय चरम पर पहुंच गया जब लोकप्रिय कलाकार एम.डी देसी रॉकस्टार ने मंच संभाला। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने पूरे माहौल को रोमांच से भर दिया और दर्शकों की तालियां देर तक गूंजती रहीं। अतिथियों ने स्कूल के सफल आयोजन और बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महोत्सव सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक शिक्षा के सुंदर मेल का प्रतीक बना।


कार्यक्रम की जानकारी देती हुई मैनेजिंग डायरेक्टर मनीषा कौशिक - समर न्यूज़

# सूबेदार हितेश सहरावत को दी राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**समर न्यूज़ | पलवल**

जिले के खंड हथीन स्थित गांव गहलब के निवासी सूबेदार हितेश सहरावत लेह-लद्दाख में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से शहीद हो गए। रविवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने पर हजारों लोगों ने सूबेदार हितेश सहरावत अमर रहें के जयघोष के साथ अंतिम विदाई दी। सूबेदार हितेश ने वर्ष 2001 में आर्मी सप्लाई कोर में बतौर ड्राइवर सेवा ज्वाइन की थी और वर्तमान में सूबेदार पद पर कार्यरत थे।

ड्यूटी के दौरान अत्यधिक ठंड और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहादत पाई। कर्नल केजी शर्मा ने बताया कि भारतीय सेना उनकी वीरता और समर्पण को हमेशा याद रखेगी।

# कांग्रेस सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का मास्टर प्लान तैयार, बड़ा राजनीतिक मोर्चा खोलने की तैयारी

## 4 दिसंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में होगा ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन

**समर न्यूज़ | धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक मोर्चा खोलने की तैयारी पूरी कर ली है। जहां एक ओर कांग्रेस सरकार मंडी में अपने तीन साल का जश्न मनाने जा रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा 4 दिसंबर 2025 को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय विशाल विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। इस आंदोलन की विधिवत घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा पहले ही शिमला में की जा चुकी है।

इस महाविरोध प्रदर्शन के रणनीतिकार स्वयं डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन होंगे। वहीं, इस पूरे कार्यक्रम का मैदानी संचालन कांगड़ा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार को सौंपा गया है। उनके साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, पवन काजल सहित कई वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा संगठन ने इस रैली में 10,000 से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रभारी नेताओं को अपने-अपने लक्ष्य सौंप दिए गए हैं। विशेष रूप से कांगड़ा, मंडी और हमीरपुर संसदीय क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटाने की योजना बनाई गई है, जबकि शिमला संसदीय क्षेत्र को अन्य कार्यक्रमों के लिए आरक्षित रखा गया है।

बताया जा रहा है कि इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा एवं सह प्रभारी संजय टंडन की विशेष उपस्थिति भी रहेगी। भाजपा इस रैली को अब तक का सबसे बड़ा जनआंदोलन बनाने की तैयारी में जुटी है।

**भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और कानून व्यवस्था होंगे प्रमुख मुद्दे**

भाजपा ने कांग्रेस सरकार के विरुद्ध इस आंदोलन में जिन मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का फैसला किया है, उनमें भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, कमजोर कानून व्यवस्था, माफिया राज और सनातन विरोधी नीतियां शामिल हैं। भाजपा का आरोप है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान "97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराया" जैसे वक्तव्यों से कांग्रेस की मानसिकता उजागर होती है।

भाजपा चंबा, ऊना, संजौली और सिरमौर की घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाएगी कि कार्रवाई केवल हिंदुओं पर की गई। पांवटा साहिब के लव जिहाद प्रकरण में पत्थरबाजों पर नहीं बल्कि आंदोलनकारी हिंदुओं पर केस दर्ज किए गए।

मणिमहेश यात्रा पर 100 शुल्क, चूड़धार पर 20 से 200 शुल्क, चिंतपूर्णी मंदिर में हवन की राशि 5100 करने जैसे निर्णयों को भी भाजपा सनातन विरोधी मानसिकता का उदाहरण बता रही है। साथ ही 35 बड़े मंदिरों की आय पर सरकार की नजर और धार्मिक संस्थानों से सरकारी फंड की मांग को लेकर भी सरकार को घेरा जाएगा।

**हिमाचल को बेचने की मंशा का आरोप**

भाजपा कांग्रेस सरकार पर हिमाचल की संपत्तियां बेचने के गंभीर आरोप भी लगाएगी। दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को कुर्की की कगार तक पहुंचाने, 14 एचपीटीडीसी होटलों को निजी हाथों में सौंपने, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की जमीन बेचने, एचआरटीसी हमीरपुर की जमीन को फाइव स्टार होटल के लिए स्थानांतरित करने और धारा 118 में संशोधन कर बाहरी राज्यों को जमीन खरीदने की खुली छूट देने जैसे फैसलों को भाजपा हिमाचल विरोधी करार दे रही है।

**कानून व्यवस्था और अपराध पर तेज हमला**

विमल नेगी की संदिग्ध मौत, हाईकोर्ट, कचहरी और स्कूलों को बम धमकियां, पंजाब-हरियाणा में हिमाचल की बसों से तोड़फोड़, बिलासपुर गोलीकांड, चिट्टा और खनन माफिया को संरक्षण, पुलिसकर्मियों की पिटाई, ऊना-सिरमौर-मंडी में माफिया का बढ़ता प्रभाव, हमीरपुर में महिला के साथ शर्मनाक घटना, मंडी में तेजाब कांड, हत्या, अपहरण और बलात्कार की घटनाओं को भाजपा कांग्रेस सरकार की विफल कानून व्यवस्था का प्रमाण बताएगी।

भाजपा का कहना है कि कांग्रेस के जंगलराज के खिलाफ यह आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचेगा और प्रदेश की जनता सरकार की नीतियों का जवाब सड़कों पर देगी।

# करसोग में अपना पुस्तकालय दे रहा युवाओं को पढ़ने और बढ़ने का मौका



करसोग का अपना पुस्तकालय। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | मंडी/धर्मवीर**

मंडी जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई 'अपना पुस्तकालय' पहल करसोग उपमंडल के युवाओं के लिए एक नई सौगात लेकर आई है। ज्ञान और अध्ययन के बेहतर माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करसोग के मिनी सचिवालय भवन में करीब 22 लाख रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक अध्ययन केंद्र स्थापित किया गया है, जो युवाओं में खासा उत्साह पैदा कर रहा है। इस नए 'अपना पुस्तकालय' में एक साथ 100 लोगों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ न केवल विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और सामान्य अध्ययन से संबंधित पुस्तकें रखी गई हैं, बल्कि युवाओं के लिए कम्प्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल संसाधनों का भी पूरा प्रबंध किया गया है। इससे लाभ उठाकर क्षेत्र के विद्यार्थी अपनी तैयारी को अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ा सकेंगे। लाइब्रेरी का नियमित उपयोग कर रही प्रीति शर्मा, रजत कुमार और पवन कुमार का कहना है कि पहले करसोग में ऐसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण उन्हें पढ़ाई के लिए अतिरिक्त प्रयास और यात्रा करनी पड़ती थी। लेकिन अब प्रशासन की इस पहल ने उनकी पढ़ाई को आसान बना दिया है। उन्होंने इस अनोखी पहल के लिए डीसी मंडी अपूर्व देवगन, जिला प्रशासन और उपमंडल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।मंडी जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'अपना पुस्तकालय' मिशन के अंतर्गत जिले के लगभग सभी उपमंडलों में ऐसे आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं।

# पोंग बांध विस्थापितों के पुनर्वास का रास्ता साफ करने में जुटी सरकार



इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन और देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर। -समर न्यूज़

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

पोंग बांध विस्थापितों की समस्याओं के स्थायी और त्वरित समाधान को लेकर राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में पोंग बांध विस्थापितों की शासी निकाय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन, देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर और नॉन-ऑफिशियल सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री ने बताया कि पोंग बांध विस्थापितों का मामला वर्षों से लंबित है और राज्य सरकार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में हुई पिछली बैठक के बाद कई नीतिगत निर्णयों पर प्रभावी प्रगति हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका लाभ विस्थापित परिवारों तक पहुंच रहा है। नेगी ने बताया कि कुल 16,352 पात्र विस्थापितों में से 9,905 परिवारों को राजस्थान में भूमि आवंटित की जा चुकी है। बाकी परिवारों के लिए आवंटन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों के सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने तथा राजस्थान सरकार द्वारा कुछ प्रक्रियाओं की धीमी रफ्तार के कारण कार्य प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश सरकार राजस्थान से लगातार समन्वय बढ़ा रही है और अधिकारियों को नियमित रूप से साइट निरीक्षण तथा लंबित कार्यों के समाधान के लिए भेजा जा रहा है।

# हिमाचल में पहली बार होगी नेशनल मास्टर्स हॉकी चैंपियनशिप: निक्का

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश खेल जगत के लिए एक नई उपलब्धि दर्ज करने जा रहा है। पहली बार प्रदेश में नेशनल मास्टर्स हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 31 मार्च 2026 से पहले ऊना के नए निर्मित हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। शनिवार को धर्मशाला में हॉकी हिमाचल की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष रणवीर सिंह निक्का की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नेशनल व स्टेट स्तर पर होने वाले हॉल्की आयोजनों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नेशनल मास्टर्स हॉकी चैंपियनशिप के दौरान देशभर से अनुभवी खिलाड़ी ऊना में पहुंचेंगे। इस आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं हॉकी हिमाचल के पैट्रन सतपाल सत्ती की देखरेख में पूरी की जाएंगी। इसके साथ ही प्रदेश की स्टेट हॉकी चैंपियनशिप के चार अलग-अलग




अध्यक्ष रणवीर सिंह निक्का। -समर न्यूज़

आयोजन 31 मार्च से पहले करवाने की योजना बनाई गई है। जूनियर वूमेन और सब-जूनियर वूमेन चैंपियनशिप नूरपुर में, पुरुष वरिष्ठ वर्ग मंडी में तथा महिला सीनियर चैंपियनशिप हमीरपुर में आयोजित होगी। अध्यक्ष रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि हिमाचल की बेटियों ने कबड्डी और क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया है। अब हॉकी को भी मजबूती देने के लिए हॉकी इंडिया आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने को तैयार है। उन्होंने बताया कि कई बार प्रदेश के खिलाड़ी बाहर खेलते समय उचित सुविधाओं के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते। यदि ऊना और नूरपुर में खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और ढांचा मिले तो वे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। निक्का ने यह भी बताया कि अब तक हिमाचल हॉकी से 14 खिलाड़ी आर्मी और 6 पुलिस सेवा में भर्ती हुए हैं। उन्होंने तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां नेशनल खेलकर लौटने वाले खिलाड़ियों को नौकरी में प्राथमिकता दी जाती है। आने वाले समय में हिमाचल के खिलाड़ियों को भी इसी तरह नौकरी में अवसर मिलें, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

# कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड में सिरमौर की अनुपमा शर्मा प्रथम स्थान पर रही

**समर न्यूज़ | कुल्लू**

जिला कुल्लू के ढालपुर ग्राउंड में तीन दिवसीय कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड सेकेंड एडिशन की लेडीज़ ओपन कैटेगरी में सिरमौर की महिला जोकि पेशे से सरकारी स्कूल में अंग्रेजी की प्रवक्ता अनुपमा शर्मा विजेता बनी है। उन्होंने अपना ट्रैक 1 मिनट 31 सेकंड में पूरा किया। उन्होंने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और जीत हासिल करके रिकॉर्ड दर्ज किया है। उनका मुकाबला 4x4 गाड़ी के साथ रहा। जबकि अनुपमा शर्मा ने अपनी फरॉन्क्स गाड़ी से अपने प्रतिद्वंदी को कड़ी शिकस्त देते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। इनकी कैटेगरी में देश भर से 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस जीत पर अनुपमा शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपनी हॉबी पर काम करना चाहिए। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। भले शुरू में आप असफल हो जाएं । लेकिन एक



चैंपियन अनुपमा शर्मा। -समर न्यूज़

दिन सफलता जरूर मिलती है। स्कूल टाइम से ही मैं गाड़ी चलाती आई हूं। इसके अलावा बुलेट भी दो दशकों से चला रही हूं। मोटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स मेरे फेवरेट एरिया है। आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे मोटिवेट किया है। इसके साथ 11 साल का बेटा भी मुझे हमेशा मोटिवेट करता रहता है। उसने कहा था कि मम्मा जीत कर आना। मैंने अपने बेटे और अपने सपने को पूरा कर लिया। मैं भविष्य में भी इसी तरह मोटर स्पोर्ट्स में पार्टिसिपेट करती रहूंगी। मैं आयोजनकर्ताओं का भी दिल से आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने इतना अच्छा ये आयोजन किया है। आज युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहते हुए रचनात्मक कार्यों में आगे आने की जरूरत है।

# धर्मशाला में एंटी-ड्रग वॉकाथॉन, पुलिस की पहल से नशामुक्ति अभियान को नई गति

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

धर्मशाला में सोमवार को नशे के खिलाफ जागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा एंटी-ड्रग अवेयरनेस वॉकाथॉन आयोजित किया जा रहा है। शहर में बढ़ते नशे के खतरे को देखते हुए यह कार्यक्रम सामाजिक चेतना जगाने की एक अहम पहल मानी जा रही है। वॉकाथॉन सुबह 11 बजे शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य संस्थानों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम में 60 से अधिक



डीआईजी नॉर्थ जॉन सौम्या सामशिवन - समर न्यूज़

स्कूलों, कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। वॉकाथॉन का प्रारंभ सुबह 9 बजे दाड़ी ग्राउंड में प्रतिभागियों के एकत्र होने से होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे दाड़ी ग्राउंड से पैदल मार्च शुरू होगा, जो दोपहर 12 बजे धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में समाप्त होगा। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए पुलिस विभाग की ओर से रिफ्रेशमेंट और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गई है, ताकि मार्च के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो। डीआईजी नॉर्थ जॉन सौम्या सामशिवन ने बताया कि वॉकाथॉन के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। सोमवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक धर्मशाला के कुछ प्रमुख मार्गों पर यातायात को अस्थायी रूप से परिवर्तित किया जाएगा। एम्बुलेंस या मरीजों को अस्पताल ले जाने वाले वाहनों के लिए पहले से निर्धारित मार्गों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

# कन्नीधार में सामुदायिक भवन का लोकार्पण, क्षेत्र को मिली सामाजिक गतिविधियों के लिए सुविधा

**समर न्यूज़ | नाहन**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने आज कन्नीधार (बिरला पंचायत) स्थित एससी बस्ती में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह भवन आने वाले समय में ग्रामीणों के लिए एक सशक्त सामाजिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। सुरेश कश्यप ने भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी क्षेत्रवासियों,



सामुदायिक भवन का लोकार्पण - समर न्यूज़

जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित विभागों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधारभूत सुविधाओं से गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होता है और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचती हैं। इस अवसर पर सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता पर महंगाई का सबसे बड़ा वार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने डीज़ल पर वैट तिगुना कर आम लोगों की कमर तोड़ दी है। बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी की गई है, फ्री यूनिट योजना बंद कर दी गई है, जिससे 28 लाख उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त टैक्स और उपकर का सीधा बोझ पड़ा है। इसके साथ ही बस किराया दोगुना कर दिया गया है, बस पास महंगे कर दिए गए हैं और महिलाओं के लिए किराये में दी जाने वाली छूट समाप्त करने की तैयारी चल रही है। अस्पताल की पर्ची शुल्क, सीमेंट तथा राशन की कीमतों में वृद्धि कर गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार को सनातन विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं और मंत्रियों के हालिया बयान इसकी स्पष्ट पुष्टि करते हैं।

# आकांक्षी खंड तीसा में शिक्षा सुधार पर नई रणनीति: विकास पर जोर



खंड विकास अधिकारी तीसा अरविंद कुमार की अध्यक्षता में बैठक - समर न्यूज़

**मंजूर पठान | चंबा**
**समर न्यूज़**

चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र के आकांक्षी खंड तीसा में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास को गति देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मैजिक बस फाउंडेशन और आकांक्षी खंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में क्षेत्र के 62 सरकारी स्कूलों के प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार, शिक्षण-पद्धति को सुदृढ़ करने और बच्चों के लिए अनुकूल व विकसित वातावरण तैयार करने पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी तीसा अरविंद कुमार ने की। उन्होंने शिक्षा विभाग की भूमिका, उसकी वर्तमान स्थिति और आकांक्षी खंड के शिक्षा इंडिकेटर्स पर गहन मंथन किया।

**चिंताजनक** — कैसे समय पर पूरा होगा प्रोजेक्ट, कौन है इस लापरवाही का जिम्मेदार

# वर्ल्ड बैंक से भेजे गए पैसे कंपनी को क्यों नहीं मिले: जयराम ठाकुर

**समर न्यूज़ | शिमला**

शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्ल्ड बैंक द्वारा वित्त पोषित शिमला की पेयजल और सीवरेज की परियोजना से जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियां बहुत चिंताजनक है। जब वर्ल्ड बैंक द्वारा सरकार को पैसा भेज दिया गया है तो वह पैसा गया तो गया कहां? वर्ल्ड बैंक द्वारा भेजा गया परियोजना का पैसा कार्यदाई संस्थाओं को क्यों नहीं मिल रहा है। सरकार के पास से ही ढाई सौ करोड़ से ज्यादा रुपए गायब हो जाते हैं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? वर्ल्ड बैंक द्वारा सरकार को दिया गया पैसा आख़िर गया कहाँ? ये बहुत बड़ा सवाल है। सरकार के इस रवैये से पूर्व सरकार की यह योजना प्रभावित हो रही है। शिमला को 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने वाली योजना को सरकार आख़िर रोकना क्यों चाहती है? हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में 24 घंटे पानी की सुविधा देने के लिए तैयार हो रही सतलुज पेयजल योजना पर सुख की सरकार की वजह से बजट का संकट गहराया हुआ है। विश्व बैंक से इस योजना के लिए 587 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं लेकिन कंपनी तक सिर्फ 250 करोड़ ही पहुंचे हैं। बाकी पैसा कहां अटका है, इस पर कोई जवाब देने को तैयार नहीं है जबकि वर्ल्ड बैंक से बजट जारी होने के बावजूद कंपनी को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर परियोजना पर पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि शिमला शहर में 24 घंटे पानी देने और हर



घर को सीवरेज लाइन से जोड़ने के लिए विश्व बैंक की मदद से 1825 करोड़ की योजना से काम चल रहा है। यह योजना पूर्व सरकार के समय में ही स्वीकृत हुई थी। जिसमें लगभग 370 करोड़ रुपये से पहले चरण में सतलुज से शिमला तक पानी लाने का काम, दूसरे चरण में 970 करोड़ से शहर में प्रेशर के साथ 24 घंटे पानी देने के लिए नई लाइनें बिछाने और टैंकों का निर्माण का काम होना था जबकि करीब 229 करोड़ रुपये सीवरेज नेटवर्क पर खर्च करने थे लेकिन प्रदेश सरकार वर्ल्ड बैंक का पैसा दबा कर बैठी है। जिसकी वजह से पूरी परियोजना पर विपरीत असर पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आए दिन अखबारों में नशे के ओवरडोज से होने वाली मौत की खबरें छपती हैं। सरकार सिर्फ़ इवेंट और अख़बारों की हैडलाइन मैनेजमेंट में व्यस्त है। पुनर्वास केंद्र के नाम पर सरकार की कोई व्यवस्था नहीं है। निजी पुनर्वास केंद्रों में लोग अपनी गाढ़ी कमाई भी खर्च करते हैं लेकिन वहाँ पर इलाज के नाम पर मारपीट और हिंसा होती है। मुख्यमंत्री जी लोग नशे से मर रहे हैं, इसी साल मरने वालों की संख्या तीस से ज़्यादा बताई जा रही है। वास्तविक संख्या और भी भयावह होगी। देवभूमि में चिट्टे के लिए कोई स्थान नहीं है। इस महामारी से निपटने के लिए सरकार सख़्त से सख़्त कदम उठाए। भाजपा हर तरह से सरकार के साथ है। नशे से होने वाली मौतों और नशे के चपेट में जा रहे युवाओं को बचाने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष ने संजौली शिमला में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ दुनिया का सबसे लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात"सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने बीते दिनों भारत का परचम लहराने वाली हमारी महिला कबड्डी टीम और ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। इन टीमों ने कठिन परिस्थितियों में भी अद्भुत जज़्बा दिखाकर देश का मान बढ़ाया है। उनके साहस, समर्पण और संघर्ष की भावना हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# कांग्रेस में हलचल तेज, राठौर और पाटिल की मुलाकात ने बढ़ाई सियासी सरगर्मियां

**समर न्यूज़ | शिमला**

शिमला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की हिमाचल प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक व AICC प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर के बीच मुलाकात हुई। दोनों नेताओं की इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन की आगामी रणनीतियों, मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक हलकों में विभिन्न प्रकार की व्याख्याएं सामने आ रही हैं। हिमाचल कांग्रेस में हालिया गतिविधियों और संभावित संगठनात्मक बदलावों के संदर्भ में राठौर और पाटिल की बातचीत को विशेष महत्व दिया जा रहा है।



हिमाचल प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और कुलदीप सिंह राठौर। - समर न्यूज़

जानकारों का मानना है कि यह बैठक प्रदेश में संगठनात्मक दिशा तय करने की प्रक्रिया का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हो सकती है।

बैठक के बाद AICC प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि जब कांग्रेस नेतृत्व हिमाचल संगठन की भूमिका और भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार कर रहा है तब यह अपेक्षित है कि उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को प्राथमिकता दी जाए जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी है।

राठौर ने कहा कि संगठन व्यक्ति से बड़ा होता है और कांग्रेस के मूल सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अडिग है। उनका कहना था कि कुछ जिम्मेदारियाँ दी जाती हैं और कुछ निभाई जाती हैं लेकिन संघर्ष और सेवा की जमीन पर निरंतर सक्रिय रहे कार्यकर्ताओं को उपयुक्त स्थान देना ही संगठन की वास्तविक मजबूती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राठौर और पाटिल की यह मुलाकात हिमाचल कांग्रेस में आने वाले दिनों की दिशा और रणनीति के लिए महत्वपूर्ण संकेत देती है और इससे प्रदेश संगठन में हलचलें तेज हो सकती हैं।

## मोहाली जिला परिषद- ब्लॉक समिति चुनाव, सभी दलों ने तेज की तैयारियां

# आप, भाजपा और शिअद ने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने की शुरू की प्रक्रिया

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब भर में जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मोहाली निर्वाचन क्षेत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों की सूचियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। चुनाव चाहे कोई भी हो, हर उम्मीदवार जीतने के लिए हर तरीका अपनाता है, चाहे उसका बैकग्राउंड और चरित्र कुछ भी हो, लेकिन उस खास राजनेता का असली चेहरा जो राजनीतिक सीढ़ी चढ़ रहा है और इन उतार-चढ़ावों से गुजर रहा है, इन चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही समझा जा सकता है, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उस व्यक्ति को अपने सामने हर खास वोटर का ध्यान रखना होता है और उसकी जरूरतों के अनुसार काम करना होता है। इन चुनावों को जीतने के लिए कल मोहाली से आम आदमी पार्टी के एमएलए कुलवंत सिंह की लीडरशिप में एक मीटिंग हुई और कैंडिडेट्स की लिस्ट फाइनल अनाउंसमेंट के लिए हाईकमान को भेज दी गई।

रिकमेन्डेशन्स भेज दी गई हैं, भारतीय जनता पार्टी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट संजीव ने भी साफ दावा किया है कि वे भी पार्टी कैंडिडेट्स को मैदान में उतारेंगे। जानकारी के मुताबिक, शिरोमणि अकाली दल के पोटेंशियल कैंडिडेट्स की एक अहम मीटिंग भी पार्टी ऑफिस में हुई है। आम आदमी पार्टी अपने इलाके में हो रहे डेवलपमेंट वर्क्स और पंजाब भगवंत सिंह मान की लीडरशिप वाली आम आदमी पार्टी सरकार के कामों के दम पर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। इस बारे में और बात करते हुए मोहाली के एमएलए कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब गांवों से बसा है और भगवंत सिंह मान की लीडरशिप वाली आम आदमी पार्टी सरकार ने 300 यूनिट फ्री बिजली दी है, जिससे 90% लोगों को बिजली के बिल नहीं आ रहे हैं और वे यह पैसा अपने विकास और अपनी ज़रूरतों को पूरा करने में खर्च कर रहे हैं, और दूसरी बात, पंजाब में 50 हज़ार से ज़्यादा बेरोज़गारों को नौकरियां दी गई हैं और कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया गया है, लोगों के हेल्थ चेकअप और इलाज के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोले गए हैं, जहाँ रोज़ हज़ारों मरीज़ ठीक होकर घर लौटते हैं, इन मोहल्ला क्लीनिक में मरीज़ों को फ्री मेडिकल टेस्ट और दवाइयाँ दी जाती हैं, इसके अलावा आने वाले समय में 10 लाख रुपये का फ्री हेल्थ इंश्योरेंस भी शुरू किया जा रहा है।



*एमएलए कुलवंत सिंह ने कहा कि जिस तरह से पिछले उपचुनावों में वोटरों ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को वोट दिया, उससे साफ़ है कि लोग अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करके आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को बड़े अंतर से जिताएंगे। केंद्र सरकार की तरफ से फंड जारी न होने के बावजूद मोहाली विधानसभा क्षेत्र में 14 सड़कों का नींव पत्थर रखा गया है, जबकि 24 दूसरी सड़कों के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनाव ग्रामीण इलाकों से जुड़े चुनाव हैं, और पंजाब के लोग आप के उम्मीदवारों को जिताने के लिए कमर कस रहे हैं।*



*भाजपा जिला अध्यक्ष और भाजपा सीनियर नेता संजीव वशिष्ठ ने बात करते हुए कहा कि BJP ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार उतार रही है और इस संबंध में पिछले तीन दिनों से अलग-अलग संभावित उम्मीदवारों के साथ मीटिंग का दौर चल रहा है और हर उम्मीदवार इन चुनावों के लिए पूरे जोश में है। भाजपा नेता संजीव वशिष्ठ ने आगे कहा कि 17 ब्लॉक समिति उम्मीदवारों और दो जिला परिषद उम्मीदवारों को हरी झंडी मिल गई है, जिसमें से एक जिला परिषद का टिकट महिला उम्मीदवार को दिया गया है।*



*शिरोमणि अकाली दल का हर वर्कर मोहाली ज़िले समेत ब्लॉक समिति और ज़िला परिषद के चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। और इन चुनावों को लेकर शिरोमणि अकाली दल के हर वर्कर और सपोर्टर ने अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी संभाल ली है, कवलजीत सिंह रूबी ने कहा कि पार्टी उम्मीदवारों को बड़े अंतर से जिताने के लिए कमर कस रही है, जिस तरह से तरनतारन उपचुनाव में लोगों ने बिना किसी तैयारी के पार्टी उम्मीदवार को वोट दिया और ज्यादा से ज्यादा वोट दिए, उससे साफ़ है कि पंजाब में आम आदमी का पार्टी विकल्प सिर्फ़ और सिर्फ़ शिरोमणि अकाली दल है।*

### पंचायत समिति मोहाली व जिला परिषद मोहाली के चुनाव मुल्तवी

*ब्लॉक पंचायत समिति मोहाली के 15 गांवों को अब संबंधित पंचायत समिति और जिला परिषद मोहाली के अधिकार क्षेत्र से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि पंचायत समिति मोहाली और जिला परिषद मोहाली की हदबंदी में बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं। इसके चलते देहाती विकास व पंचायत विभाग द्वारा इस ब्लॉक और जिला परिषद क्षेत्र का पुनर्गठन नए सिरे से किया जाएगा।*

*देहाती विकास व पंचायत विभाग ने पंजाब चुनाव आयोग को सूचित किया कि पंजाब सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत मोहाली नगर निगम की सीमा से लगते 15 गांवों को अब नगर निगम की हद में शामिल कर लिया गया है। विभाग के अनुसार, 28 नवंबर 2025 को जारी नोटिफिकेशन के बाद पंचायत समिति मोहाली की 15 ग्राम पंचायतें अब जिला परिषद मोहाली के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो गई हैं।*

*देहाती विकास व पंचायत विभाग एवं डिप्टी कमिश्नर मोहाली की सिफारिश पर आयोग ने निर्णय लिया है कि जब तक दोनों क्षेत्रों का पुनर्गठन पूरा नहीं होता, तब तक पंचायत समिति मोहाली और जिला परिषद मोहाली के चुनाव स्थगित रहेंगे। स्पष्ट किया गया है कि पंचायत समिति डेराबस्सी, पंचायत समिति खरड़ और पंचायत समिति माजरी के सदस्यों का चुनाव पहले से जारी शेड्यूल के अनुसार ही होगा।*

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत, जांच के बीच आईओ का गैर-जिम्मेदार रवैया भी आया सामने

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर थाना परिसर में पुलिस कस्टडी के दौरान 23 वर्षीय रजनीश शर्मा की मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शक्ति एनक्लेव, ढकौली निवासी रजनीश को शनिवार को स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार वह करीब 7–8 वारदातों में शामिल था और पहले भी चोरी, लूटपाट व स्नैचिंग के केस उसके खिलाफ दर्ज थे। हाल ही में वह रेल विहार VIP रोड जीरकपुर अपने मामा के पास रहता था। शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे रजनीश की तबीयत अचानक बिगड़ी और कुछ ही देर में उसने बख्शीखाने में दम तोड़ दिया। पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**▪ न्यायिक जांच, पोस्टमार्टम और चौंकाने वाली मेडिकल रिपोर्ट...**

मौत के बाद ज्युडिशियल मैजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास थाने पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे तक पुलिस अधिकारियों से पूछताछ की। पोस्टमार्टम डेराबस्सी अस्पताल में मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों—डॉ. सचिन, डॉ. दपिंदर और डॉ. जैसिका—की टीम ने किया। डॉक्टरों ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था, लेकिन उसके शरीर का कोई ऐसा हिस्सा नहीं था जहां नशे के इंजेक्शन के निशान न हों। प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि उसकी मौत नशे की पूर्ति न होने के कारण हुई। जांच के लिए विसरा व दिल भेजा जाएगा।

**▪ IO का गैर-जिम्मेदार रवैया—पुलिस की जवाबदेही पर बड़ा सवाल...**

मामले में जहां परिवार और स्थानीय लोग पुलिस पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं जांच अधिकारी(IO) राजेश चौहान का व्यवहार भी जांच को कटघरे में खड़ा कर रहा है। पत्रकारों ने जब IO राजेश चौहान से केस से संबंधित जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने सीधे-सीधे जवाब देने से इंकार कर दिया। चौहान ने कहा—"मैं नहाने जा रहा हूं, आप जो पूछना है एसएचओ से पूछो।" ऐसे गंभीर मामले में जांच अधिकारी का यह लापरवाह और गैर-पेशेवर रवैया न सिर्फ पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता की कितनी कमी है। कस्टडी में हुई मौत कोई मामूली घटना नहीं होती, ऐसे में IO का "नहाने" का बहाना देकर जवाबदेही से निकलने की कोशिश पुलिस की छवि को और धूमिल करती है।

**▪ पुलिस की सफाई...**

एसएचओ सतिंदर सिंह ने बताया कि मामले में धारा 194 के तहत कार्रवाई की गई है। उनका कहना है कि कई स्नैचिंग मामलों की सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा आरोपी रजनीश से मेल खाता था और उसके पकड़े जाने से कई वारदातें सुलझने की उम्मीद थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और परिवार ने उसका अंतिम संस्कार जीरकपुर शमशान घाट में कर दिया।

**▪ अब इंतजार विस्तृत रिपोर्ट का...**

कस्टडी में मौत, डॉक्टरों की रिपोर्ट, मैजिस्ट्रेट की जांच और अब IO के रवैये ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। पूरी सच्चाई विस्तृत जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगी, लेकिन फिलहाल यह मामला पुलिस की पारदर्शिता पर बड़ा धब्बा बनकर सामने आया है।

## पांच चोर पुलिस हिरासत में, 5 बाइक, 1 स्कूटी बरामद

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

आज सुबह जब अधिकांश लोग अपनी नींद में थे, तब पंचकूला पुलिस पूरे जिले में सक्रिय थी। सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बड़ा अभियान चलाया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया कि पंचकूला पुलिस हर समय अलर्ट है और अपराधियों को किसी भी हाल में ढील नहीं दी जाएगी। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार ऑपरेशन के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने आशियाना सेक्टर-26 व 28 में जाकर चेकिंग की और संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली। इसी तरह क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने राजीव कॉलोनी में सुबह-सुबह पहुंचकर गली-गली कड़ी निगरानी रखी। एएनसी टीम ने पिंजौर की बंगला बस्ती और कालका रेलवे स्टेशन में सघन जांच की, जबकि एवीटी स्टाफ ने आशियाना सेक्टर-20, गांव कुंडी और गांव फतेहपुर में तलाशी अभियान चलाया। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनदीप सिंह की टीम ने खड़क मंगोली में दबिश देकर मौके पर मौजूद 5 संदिग्ध मोटरसाइकिलें वेरिफिकेशन के लिए कब्जे में ली। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 इंचार्ज मुकेश सैनी की टीम ने दो संदिग्ध चोरों को काबू किया जबकि सेक्टर-26 इंचार्ज इंस्पेक्टर दिलीप कुमार की टीम ने तीन संदिग्ध चोरों को पकड़ा है। सभी से पुलिस हिरासत के दौरान पूछताछ जारी है। इसके अलावा एवीटी इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार की टीम ने एक संदिग्ध एक्टिवा भी बरामद की जिसकी नंबर प्लेट जाली पाई गई है। सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

## रक्तदान का रियल हीरो महावीर सिंह को राष्ट्र स्तरीय सम्मान



प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। -समर न्यूज़

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

मानव सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले दुर्लभ O-नेगेटिव रक्त समूह के दाता महावीर सिंह को करनाल मानव सेवा संघ द्वारा आयोजित नायक कली राम खिप्पल राष्ट्रीय सम्मान समारोह में राष्ट्र स्तरीय सम्मान से नवाज़ा गया। कई परिवारों के लिए "रियल लाइफ हीरो" बने महावीर सिंह का यह सम्मान उनके दीर्घकालिक समर्पण और सेवाभाव का प्रतीक है। पेशे से एचआर महावीर सिंह ने मानवता को अपने जीवन का मूल मंत्र मानते हुए रक्तदान को व्यक्तिगत संकल्प का रूप दिया है। वर्षों से लगातार रक्त उपलब्ध कराने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अब तक 50 से अधिक बार रक्तदान, 20+ बार प्लाज़्मा व सेल्स दान, और चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा व NCR में 1000 से अधिक मामलों में रक्त उपलब्ध कराकर अनगिनत लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुर्लभ रक्त समूह होने के कारण O-नेगेटिव दाताओं की देशभर में कमी रहती है। ऐसे में महावीर सिंह अपनी व्यस्त दिनचर्या, निजी कार्यक्रमों और कार्य समय को दरकिनार कर आपात स्थितियों में अस्पताल पहुंचकर असंख्य मरीजों के लिए जीवनदाता बने हैं। उनका यह जज़्बा उन्हें देशभर के सबसे सक्रिय और विश्वसनीय रक्तदाताओं की श्रेणी में विशेष स्थान देता है। इससे पहले भी उन्हें पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान में सामाजिक सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। करनाल में मिला यह राष्ट्र स्तरीय सम्मान उनके बढ़ते सामाजिक प्रभाव और व्यापक सेवाकार्य का प्रमाण है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य रक्त संचरण के मेंबर सेक्रेटरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखवीर सिंह मेहला तथा हरियाणा विजिलेंस विभाग के चीफ विजिलेंस ऑफिसर शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे। समारोह में 59 स्वयंसेवियों ने रक्तदान किया तथा देशभर से आई 129 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही 570वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण भी आयोजित हुआ। सम्मान प्राप्त करते हुए महावीर सिंह ने कहा, "रक्तदान केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानव जीवन बचाने का सबसे पवित्र मार्ग है। यह सम्मान उन सभी समर्पित लोगों का है जो समय पर किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने का संकल्प निभाते हैं। समारोह में मौजूद लोगों ने महावीर सिंह को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि मानवता की सच्ची मिसाल बन चुके उनके प्रयास समाज में नई उम्मीद और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाते हैं।

# इंटरनेशनल चैंपियन रेसलर अनातोली ने कोचिंग कैंप में पंजाब के रेसलर्स की स्किल्स को निखारा

## सिस्टमैटिक ट्रेनिंग से पंजाब के रेसलर्स का पोटेंशियल और मजबूत होगा



विदेशी एक्सपर्ट कोच मिस्टर अनातोली जानकारी देते हुए। -समर न्यूज़

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली के सेक्टर 63 में पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स (PIS) सेंटर में तीन हफ़्ते का रेसलिंग कोचिंग कैंप रूस से आए विदेशी एक्सपर्ट कोच मिस्टर अनातोली की गाइडेंस में सक्सेसफुली खत्म हुआ, जो दो बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और दुनिया के सबसे इज़्ज़तदार कोच में से एक हैं। ग्लोबल लेवल पर ज़बरदस्त एक्सपीरियंस के साथ, मिस्टर अनातोली को कई इंटरनेशनल टीमों के साथ काम करने का मौका मिला है। आखिरी बातचीत के दौरान, मिस्टर अनातोली ने पंजाब के रेसलर्स के साथ मॉडर्न ट्रेनिंग के तरीके शेयर किए और पंजाब के रेसलर्स के डिसिप्लिन और टैलेंट पर अपनी खुशी ज़ाहिर की।

उन्होंने कहा कि पंजाब में रेसलिंग में एक पावरहाउस बनने का ज़बरदस्त पोटेंशियल है। अगर पंजाब के रेसलर्स सिस्टमैटिक ट्रेनिंग के साथ कड़ी मेहनत करते रहे, तो रेसलिंग में अगला ओलंपिक और एशियन गेम्स मेडल सिर्फ़ पंजाब के प्लेयर्स ही ला सकते हैं। इस कैंप से पंजाब के पहलवानों को वर्ल्ड-क्लास कोचिंग, एडवांस्ड टेक्नीक और प्रोफेशनल मैट सिस्टम टेक्नीक सीखने को मिली हैं, जो आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में उनकी ज़रूर मदद करेंगी। पंजाब स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट और PIS मैनेजमेंट ने हिस्सा लेने वाले सभी पहलवानों, कोच, सपोर्ट स्टाफ, NRI कुश्ती ऑर्गनाइज़ेशन और पंजाब कुश्ती फेडरेशन की कोशिशों की तारीफ़ की। डिपार्टमेंट और PIS मैनेजमेंट ने कहा कि वे भविष्य में ऐसे और भी हाई-परफॉर्मेंस कैंप ऑर्गनाइज़ करने की उम्मीद करते हैं। इस मौके पर जीवनजोत सिंह तेजा (द्रोणाचार्य अवॉर्डी), डायरेक्टर ट्रेनिंग, पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स भी मौजूद थे।

# फेज़ 4 के लोगों ने म्युनिसिपल कमिश्नर पर उठाए सवाल



जानकारी देते हुए सीनियर एडवोकेट प्रितपाल सिंह बस्सी। -समर न्यूज़

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

नवंबर मोहाली में पिछले कुछ दिनों से म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली गामड़ा और पुलिस की तरफ से लोगों के घरों के आगे और आस-पास बनाई गई ग्रीन बेल्ट को हाई कोर्ट के ऑर्डर का हवाला देकर गिराया जा रहा है। इस मामले में, मोहाली के फेज़ 4 के लोगों ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली के कमिश्नर की मनमानी और दादागिरी के खिलाफ कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है।

इस बारे में जानकारी देते हुए सीनियर एडवोकेट प्रितपाल सिंह बस्सी ने बताया कि उन्होंने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली की दादागिरी के खिलाफ कोर्ट में केस फाइल किया है और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली गामड़ा और पुलिस को पार्टी बनाया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने इस मामले में 1 दिसंबर को नगर निगम कमिश्नर, गमाडा के सीए, ईओ, एसडीओ और एसएसपी मोहाली को तलब किया है। उन्होंने कहा कि गमाडा की लैंडस्केप पॉलिसी के तहत रिहायशी घरों के सामने सड़कों के किनारे पांच फीट जगह छोड़कर झाड़ियां, घास, पेड़ लगाए जा सकते हैं और इसकी देखभाल प्लॉट मालिक कर सकता है। एडवोकेट बस्सी ने कहा कि कोने के प्लॉटों के साथ 30 फीट तक की चौड़ाई में प्लॉट मालिक लैंडस्केपिंग कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के तहत अगर कोई प्लॉट मालिक सड़क से पांच फीट का एरिया नहीं छोड़ता है तो गमाडा को 15 दिन का पर्सनल लिखित नोटिस देना होगा और उसके बाद 16वें दिन 25 रुपये प्रति फीट और उसके बाद हर दिन के लिए 5 रुपये प्रति फीट जुर्माना लगाया जा सकता है और 30 दिन का समय खत्म होने के बाद ही कोई कार्रवाई की जा सकती है।

**मेला** | 15वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला: सुदेश भोंसले की गायकी ने रचा जादू

# जुम्मा-चुम्मा, शावा-शावा से झूमे दर्शक, दर्दभरे गीतों ने बांधी गहरी तान

सारांश मेहरा | मनीमाजरा
समर न्यूज़

मनीमाजरा स्थित कलाग्राम में रविवार की शाम 15वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले ने संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रस्तुत किया। बॉलीवुड के मशहूर गायक सुदेश भोंसले ने अपनी दमदार आवाज, अद्भुत आवाज़ों की नकल और मस्तीभरे अंदाज़ से ऐसा माहौल बनाया कि पूरा परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। उनके कार्यक्रम ने इस सांस्कृतिक महोत्सव को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा दिया।

सुदेश भोंसले ने जहां 'जुम्मा-चुम्मा दे दे', 'शावा शावा', 'सोनिये', 'मेरी मखना' जैसे ऊर्जावान गीतों से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया, वहीं 'दर्दे दिल-दर्दे जिगर', 'मेरे महबूब कयामत होगी', सलाम-ए-इश्क जैसे भावपूर्ण गीतों के जरिए श्रोताओं को सुरों की गहराइयों में उतार दिया। दर्शकों की फरमाइशों पर उन्होंने कई गीत भी पेश किए, जिससे कार्यक्रम और भी रोचक बन गया। इतना ही नहीं, महानायक अमिताभ बच्चन की शैली में संवाद बोलकर उन्होंने अपनी मिमिक्री का जादू भी फैलाया। मंच पर उनकी आवाज़ की विविधता और सुरों की फुर्ती ने दर्शकों को चकित कर दिया। उन्होंने कहा कि अमिताभ बच्चन, किशोर कुमार, रफी और अन्य महान गायकों से उनकी आवाज़ कैसे मिलती है, यह वे भी नहीं जानते—इसे वे ईश्वर का आशीर्वाद मानते हैं। सुदेश ने यह भी साझा किया कि एक समय दोस्तों के बीच मजाक में बोले गए संवादों ने उनके भीतर आत्मविश्वास जगाया और यही कला उन्हें महानायक के साथ वर्ल्ड टूर तक ले गई। मेले के दिन के सत्र में अनेक राज्यों की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। पंजाब के सम्मी, हिमाचल के सिरमौरी नाटी, जम्मू-कश्मीर के धमाली, राजस्थान के चरी और चकरी, छत्तीसगढ़ के पंथी तथा महाराष्ट्र की लावणी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजस्थान का लोकप्रिय भपंग वादन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दोपहर के सत्र में ढाड़ी, पंडवानी, सूफी और पंजाबी लोक गायन ने आध्यात्मिक और ऐतिहासिक धुनों से वातावरण को और पवित्र बना दिया। लोक वाद्य यंत्रों की सुमधुर ताल और गायकों की तान ने दर्शकों का मन मोह लिया।



लोक संस्कृति की झलक दिखते हुए कलाकार। -समर न्यूज़

**▪ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला—कला और स्वाद का संगम...**

कलाग्राम में लगे स्टालों पर देशभर के शिल्पकारों की कलाकृतियों को खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। हस्तनिर्मित उत्पादों की विविधता और गुणवत्ता ने ट्राईसिटी के लोगों का ध्यान खींचा। आगंतुकों का कहना था कि इस मेले में एक ही स्थान पर विभिन्न राज्यों की संस्कृति, कला, पाक-परंपराओं और संगीत का अनुभव मिलता है

# 1 रात में 2 शराब तस्कर, 2 सट्टेबाज दबोचे, 438 बोतल शराब, जुए के उपकरण बरामद

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस ने जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टेबाज़ी और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों पर सख्ती करते हुए बीती रात विभिन्न क्षेत्रों में ताबड़तोड़ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की गई और दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पिंजौर में सट्टेबाज़ी में लिप्त दो आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पहले मामले में डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के अनुसार, एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीम ने चूना भट्टी, चंडीमंदिर में छापेमारी कर सतीश कुमार को गिरफ्तार किया। उसके टैक्सी से 204 बोतल अंग्रेज़ी शराब मिली। सतीश चंडीगढ़ से शराब खरीदकर उत्तराखंड सप्लाई करने की फिराक में था। आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला ने मनीष, निवासी पिंजौर, को पकड़ा जिसके पास से 198 बोतल देसी शराब और 36 बोतल बीयर बरामद हुई। इसी अभियान के तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने पिंजौर में दो स्थानों पर छापे मारकर सट्टेबाज़ी में शामिल भूषण शर्मा और अमरीक को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से नकदी और जुए का सामान जब्त किया गया। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि अवैध शराब, जुआ-सट्टेबाज़ी और संगठित अपराध पर पुलिस की कड़ी निगरानी जारी रहेगी और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।




पुलिस हिरासत में आरोपी। -समर न्यूज़

# शहनाज गिल ने फिल्म 'इक्क कुड़ी' के सेट से मजेदार तस्वीरें की शेयर



**मुंबई**। अभिनेत्री, गायिका और हाल ही में निर्माता बनी शहनाज गिल अपनी सादगी और बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। इन दिनों वे अपनी फिल्म 'इक्क कुड़ी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। शनिवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'इक्क कुड़ी' की बीटीएस तस्वीरें पोस्ट की थीं। इन तस्वीरों में वे अपने किरदार में पूरी तरह डूबी नजर आ रही हैं। इस दौरान वे कीचड़ में लोट-पोट होकर खूब मस्ती कर रही हैं। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, "फिल्म इक्क कुड़ी'' की यादें। बता दें कि फिल्म 'इक्क कुड़ी' अभिनेत्री की बतौर निर्माता पहली पंजाबी फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन अमरजीत सोरन ने किया है और उन्होंने ही कहानी भी लिखी है। इस फिल्म में शहनाज के अलावा निर्मल ऋषि, हर्बी संघा और उदयबीर संधू भी अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। यह एक पंजाबी महिला के जीवन पर आधारित फिल्म है। फिल्म की कहानी एक युवा लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादी की चुनौतियों और सामाजिक मुश्किलों से जूझती है। 'इक्क कुड़ी' की कहानी एक ऐसी लड़की के सफर को दिखाती है जो अपने लिए सही जीवनसाथी की तलाश में है। इसे 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा चुका है; दर्शकों को भी काफी पसंद आ रही है।

शहनाज ने अपने करियर की शुरुआत पंजाबी सिनेमा से की थी। हालांकि, उन्हें असल में पहचान बिग बॉस 13 से मिली थी। दर्शकों को उनका चुलबुला स्वभाव काफी पसंद आया और यही कारण था कि वे लंबे समय तक टिकी रही थीं। वहीं, बिग बॉस सिद्धार्थ शुक्ला के साथ उनकी केमिस्ट्री ने फैंस का ध्यान खींचा था। फैंस ने दोनों को 'सिडनाज' भी दिया था। शहनाज कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने राजकुमार की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के गाने 'सजना वे सजना' के नए वर्जन में नजर आई थीं।

# महिमा चौधरी साइक्लोथॉन में पहुंची



**मुंबई**। मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मुंबई में आयोजित किए गए एक इवेंट साइक्लोथॉन में बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी और अभिनेता जैकी श्रॉफ को देखा गया। दोनों ने लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही जरूरी हैं।
अभिनेत्री महिमा चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि "इस तरह के आयोजन का श्रेय आयोजकों को जाता है। साइकिल चलाना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों के लिए बेहद जरूरी है। इस तरह के आयोजन लोगों को साइकिल चलाने और सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक उचित साइकिलिंग ट्रैक जरूरी है और यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए कि प्रतिभागी सुरक्षित रूप से साइकिल चला सकें।" उन्होंने कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते रहना चाहिए। इससे हमारा मानसिक विकास अच्छे से होता है और अच्छे हैप्पी हार्मोन बनते हैं। महिमा चौधरी ने बताया कि आज के इवेंट में 7000 से ज्यादा लोगों ने साइकिल रेस में हिस्सा लिया है और इसमें कई बड़ी कंपनियों के सीईओ भी मौजूद हैं।
वहीं जैकी श्रॉफ इवेंट में स्नैक प्लांट का पौधा लेकर पहुंचे। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया। एक्टर का कहना है कि बाहर निकलना तभी सार्थक होगा, जब अच्छी ऑक्सीजन मिल पाएगी।
लगभग हर रविवार को मुंबई और दिल्ली जैसे महानगरों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए साइकिल रेस, पैदल रेस और कई तरह की एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता है।
इन इवेंट्स में बॉलीवुड सेलेब्स लोगों को मोटिवेट करने पहुंचते हैं और खुद भी एक्टिविटीज का हिस्सा बनते हैं। मुंबई में राइड टू एम्पावर और 'साइकिल फॉर हेल्थ' जैसे हेल्थ से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इसके अलावा मुंबई पुलिस और आर्मी के जवानों के स्वास्थ्य के लिए भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# मांसपेशियों को मजबूत कर शरीर की जकड़न को दूर करता है गरुड़ासन



आज की अनियमित और भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल कई शारीरिक और मानसिक समस्याओं को दावत देती है। तनाव, अनिद्रा, शरीर की थकान, जकड़न और कमजोर इम्यूनिटी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए योगासन की जरूरत आज के समय में और भी बढ़ गई है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ऐसे योगासनों के बारे में विस्तार से जानकारी देता है, जिससे इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। इसी कड़ी में गरुड़ासन के अभ्यास से मिलने वाले फायदे की जानकारी देता है। गरुड़ासन बेहद लाभकारी आसन है। यह आसन गरुड़ (ईगल) पक्षी की मुद्रा पर आधारित है और शरीर के साथ-साथ मन को भी मजबूत बनाता है। गरुड़ासन संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, 'गरुड़' यानी बाज पक्षी और 'आसन' यानी मुद्रा। इस आसन में हाथ-पैरों को आपस में लपेटकर और संतुलन बनाकर खड़े होने की स्थिति बनाई जाती है, जो गरुड़ पक्षी के बैठने की मुद्रा को दिखाता है। यह आसन खड़े होकर किए जाने वाले संतुलन आसनों में से एक है।

एक्सपर्ट गरुड़ासन करने की सही विधि भी बताते हैं। इसके लिए सबसे पहले ताड़ासन की स्थिति में सीधे खड़े हों। दाएं पैर का पंजा बाईं पिंडली के पीछे लॉक कर दें। दोनों हाथों को आगे की ओर लाएं और बाईं बांह को दाईं बांह के ऊपर से लपेटें। दोनों हथेलियों को आपस में जोड़कर गरुड़ की चोंच जैसी आकृति बनाएं। शरीर का पूरा भार बाएं पैर पर डालकर संतुलन बनाएं। इस स्थिति में 20 से 30 सेकंड तक रुकें, गहरी सांस लें और दृष्टि एक बिंदु पर केंद्रित रखें। इसके बाद सामान्य सांस के साथ धीरे-धीरे वापस की स्थिति में आएं।

गरुड़ासन के अभ्यास से एक-दो नहीं, बल्कि कई फायदे मिलते हैं। यह टखनों, पिंडलियों, जांघों और कंधों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। पैरों और कूल्हों में जकड़न दूर करता है। संतुलन और एकाग्रता में सुधार लाता है। कंधों और ऊपरी पीठ की अकड़न को भी दूर करता है। नसों को सक्रिय कर नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाता है।

एक्सपर्ट बताते हैं कि गरुड़ासन के नियमित अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जकड़न दूर होती है, और साथ ही पूरे शरीर को एनर्जी मिलती है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं और हड्डियों में दर्द की समस्या से परेशान लोगों को योग एक्सपर्ट से सलाह लेने के बाद ही अभ्यास करना चाहिए।

# चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण का मार्गदर्शन अमूल्य : निहारिका कोनिडेला



**मुंबई**। अभिनेत्री और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने दमदार अभिनय और प्रोडक्शन से लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अपने फिल्मी करियर और परिवार से मिलने वाले समर्थन के बारे में खुलकर बातें की हैं। अभिनेत्री ने बताया कि परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा है। खासतौर से उनके चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण ने उनके सफर को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
आईएएनएस ने इंटरव्यू में जब उनसे पूछा कि उनके परिवार, खासकर पवन कल्याण और राम चरण, उनके करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो इसके जवाब में निहारिका ने कहा, ''उनके समर्थन से मुझे असाधारण सी ताकत मिलती है। मुझे पता है कि वे दोनों बिना ज्यादा कुछ बोले भी मेरे लिए हमेशा मौजूद रहेंगे।'' निहारिका ने साझा किया कि वह पवन कल्याण और राम चरण से अपने जीवन में काफी कुछ सीख हासिल करती हैं। उन्होंने कहा, ''उनके अनुभव, उनके काम करने का तरीका, और पेशेवर अनुशासन मेरे लिए हमेशा एक उदाहरण बनकर सामने आते हैं। उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अमूल्य है और इसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाती हूं।''
आईएएनएस से बात करते हुए निहारिका ने बताया कि उनका परिवार फिल्म इंडस्ट्री में बहुत सम्मानित है और इस कारण कभी-कभी उन्हें महसूस होता है कि उन्हें हर कदम पर दूसरों की उम्मीदों पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा, ''मैं इस दबाव को नकारात्मक रूप में नहीं देखती। मैं इसे अपनी मेहनत और करियर में आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरणा की तरह महसूस करती हूं।
हर बार जब मैं किसी फिल्म के सेट पर जाती हूं या कोई फिल्म प्रोड्यूस करने का फैसला लेती हूं, वह हमेशा इस विचार के साथ काम करती हूं कि मुझे अपने परिवार को गर्व महसूस कराना है।''
निहारिका ने कहा, ''मुझे फैंस ने हमेशा अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। मुझे पहले से ही एक बड़ा सहारा और सुरक्षा का अनुभव दिया। जब एक कलाकार को ऐसा प्यार मिलता है, तो वह अपने काम में और भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। मैं इस प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।''

# मोती की तरह चमक उठेंगे दांत, आयुर्वेद से जानें कैसे रखें ख्याल



शरीर के हर जरूरी हिस्से की तरह दांत भी शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो खूबसूरती को बढ़ाने के साथ-साथ पूरे शरीर को ऊर्जा देने का काम करते हैं। ऊर्जा से हमारा तात्पर्य है कि दांतों से ही भोजन की पाचन क्रिया शुरू होती है और भोजन टूटकर पेट में जाता है। ऐसे में दांतों के द्वारा किया गया पहला काम पूरे शरीर के लिए जरूरी हो जाता है। दांत और मसूड़े स्वस्थ न हों तो पूरे पाचन और शरीर पर असर पड़ता है। आयुर्वेद में दांतों के स्वास्थ्य को पूरे शरीर का आधार माना गया है। दांतों को आयुर्वेद में अस्थि धातु (हड्डी) से जोड़कर देखा गया है। इसमें मसूड़ों को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। अगर पेट खराब रहता है और पाचन शक्ति कमजोर होती है तो सबसे पहले इसका असर दांतों पर देखने को मिलता है। इसके अलावा, जीवनशैली की कुछ आदतें भी दांतों को खराब करती हैं, जैसे दिन में दो बार दातुन न करना, तंबाकू खाना, जिह्वा की सफाई न करना, ज्यादा ठंडा या गर्म खाना और मीठे का सेवन करना और बार-बार कुछ न कुछ खाते रहना।
आयुर्वेद में दांतों की देखभाल के लिए आसान उपाय बताए गए हैं, जिन्हें घर पर किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। सबसे पहले आता है तेल से कुल्ला करना। इसके लिए नारियल या तिल का तेल सुबह 5-10 मिनट मुंह में घुमाकर कुल्ला कर लें। इससे दांतों में गंदगी नहीं रहेगी और दांत और मसूड़े दोनों स्वस्थ रहते हैं। '
दांतों की देखभाल के लिए त्रिफला का सेवन लाभकारी रहेगा। इसके लिए रात के समय सोने से पहले गुनगुने पानी में त्रिफला पाउडर लेना चाहिए। त्रिफला पेट से जुड़े रोगों को कम करता है और पाचन की गति को बढ़ाता है। अगर पाचन सही रहेगा तो दांत भी मजबूत रहेंगे। बाजार में मिलने वाले टूथपेस्ट के इस्तेमाल से बचें। नीम की दातुन का प्रयोग करें, या फिर त्रिफला, लौंग, अजवाइन, नीम की छाल और पिप्पली के पाउडर से दांत साफ करें। ये दांतों की चमक को बढ़ाएंगे और साथ ही कैविटी और बदबू की परेशानी को भी दूर करेंगे।
दांतों को मजबूत और चमकदार बनाने के लिए लौंग के तेल का इस्तेमाल करना कारगर है। यह मसूड़ों की सूजन कम करता है और दांतों में कीड़े नहीं लगने देता है। इसके साथ ही लौंग का तेल दांतों की सुंदरता को भी बरकरार रखता है। आयुर्वेदिक उपायों के साथ ही आहार में परिवर्तन आना भी जरूरी है। दांतों को स्वस्थ रखने के लिए शरीर में कैल्शियम और प्रोटीन की मात्रा भरपूर होनी चाहिए। कैल्शियम और प्रोटीन मिलकर दांत और मसूड़ों को मजबूती देते हैं। ऐसे में सर्दियों में गुड़, तिल, मूंगफली, मगज के बीज, सूखे मेवे और छेना को आहार में शामिल करें।

# जूनियर हॉकी विश्व कप: भारत ने ओमान को 17-0 से हराया



**चेन्नई**। भारतीय हॉकी टीम ने जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप बी के मैच में ओमान को 17-0 के बड़े अंतर से हराया। भारत की तरफ से मनमीत सिंह (17', 26', 36'), अर्शदीप सिंह (4', 33', 40') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने गोल की हैट्रिक लगाई, जबकि अनमोल एक्का (29'), अजीत यादव (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45'), इंगालेम्बा थौनाओजम लुवांग (43', 50'), और सरदा नंद तिवारी (55') ने भी गोल किए। इस जीत के साथ, भारत अंकतालिका में स्विट्जरलैंड से 24 गोल आगे शीर्ष पर है। शुरुआती क्वार्टर काफी अलग था। भारतीय टीम ने चौथे मिनट में किया था। इसके बावजूद ओमान का डिफेंस में अच्छा रहा था। ओमान भारत की अटैकिंग स्पीड को धीमा करने में कामयाब रहा और उसे अपनी बढ़त बढ़ाने का कोई खास मौका नहीं मिला। दो मिनट के क्वार्टर ब्रेक के बाद, भारत ने नए तरीके से वापसी की और दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट के अंदर, मनमीत सिंह के जरिए दूसरा गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में तीन गोल हुए जिससे भारत के हाई-स्कोरिंग गेम की रफ्तार बनी। मनमीत ने 26वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि अनमोल और दिलराज ने 29वें मिनट में गोल दागा। पहले हाफ के आखिर तक भारत की बढ़त 5-0 थी। भारत तीसरे क्वार्टर में पूरी तरह से नियंत्रण में था और पीसीएस को गोल में बदलने की अपनी शुरुआती मुश्किलों को भी पार किया। तीसरे क्वार्टर में पांच मिनट के अंदर चार गोल हुए। मनमीत ने अपनी हैट्रिक पूरी की। दिलराज और अर्शदीप ने दो-दो गोल किए। तीसरे क्वार्टर में तीन और गोल हुए जिससे ओमान की कमर टूट गई और भारत की फॉरवर्ड लाइन के लगातार हमलों के आगे उनका डिफेंस कमजोर साबित हुआ। 12-0 की बढ़त के साथ चौथे क्वार्टर में उतरी भारतीय टीम की जीत तय थी।

# फैंस को टीम इंडिया से जीत की उम्मीद, मगर साउथ अफ्रीका को नहीं आंक रहे कमतर

**रांची**। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। भारतीय फैंस को उम्मीद है कि टीम इंडिया इस मुकाबले को जीतेगी, हालांकि ये फैंस साउथ अफ्रीका को कमतर नहीं आंक रहे हैं। दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज के शुरुआती मैच से पहले अमृतसर से क्रिकेट फैन भरत शर्मा ने कहा, "मैं इस मुकाबले में अपने दो पसंदीदा खिलाड़ियों, रोहित शर्मा और विराट कोहली को लंबे समय के बाद एक साथ खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हालांकि भारत हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-0 से हार गया था, लेकिन घरेलू मैदान पर मैं यह वनडे सीरीज को लेकर उत्सुक हूं। मैंने उनको देखकर ही खेलना शुरू किया है। मैं अर्शदीप सिंह को भी इस मुकाबले में खेलते देखना चाहता हूं। यकीनन यह एक रोमांचक मैच होगा।" साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया के खिलाफ दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया है, लेकिन फैंस का मानना है कि टीम इंडिया वनडे फॉर्मेट में शानदार वापसी करेगी। भरत शर्मा ने कहा, "साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज में भारत को भारत में शिकस्त दी। यह आसान नहीं था। साउथ अफ्रीकी के टेंबा बावुमा ने शानदार कप्तानी की, लेकिन वनडे फॉर्मेट में टीम इंडिया काफी मजबूत है।"
एक अन्य फैन ने कहा, "इस टीम में कुछ पुराने और कुछ नए खिलाड़ी हैं। किसी भी सीरीज में नए अध्याय शुरू होते हैं। भारतीय टीम इस सीरीज में साउथ अफ्रीका को कड़ी चुनौती देगी। भारत की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है, लेकिन जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया की बॉलिंग कमजोर नजर आती है। हम हिंदुस्तानी हैं। हम चाहते हैं कि टीम इंडिया ही इस मुकाबले को अपने नाम करे।"
पटना के एक युवा क्रिकेट प्रेमी ने कहा, "यकीनन भारत ही जीतेगा। हमें विराट कोहली और रोहित शर्मा से शानदार फॉर्म की उम्मीद है। इस मैच में वह शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

# टी 20 सीरीज: लिटन दास की कप्तानी पारी, बांग्लादेश ने आयरलैंड को 4 विकेट से हराया




**चटगांव**। बांग्लादेश ने सीरीज के दूसरे टी20 मुकाबले में आयरलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। जीत के साथ बांग्लादेश ने सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान क्रिकेट स्टेडियम, चटगांव में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 171 रन की जरूरत थी जिसे टीम ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर हासिल कर लिया। 171 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश के लिए कप्तान लिटन दास ने अर्धशतक लगाया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे दास ने 37 गेंद पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 57 रन की धमाकेदार पारी खेली। लिटन दास ने दूसरे विकेट के लिए परवेज हुसैन इमोन के साथ 60 और तीसरे विकेट के लिए सैफ हसन के साथ 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों साझेदारियों का टीम की जीत में अहम योगदान रहा था। 138 रन के स्कोर पर बांग्लादेश का तीसरा विकेट गिराने के बाद आयरलैंड ने वापसी की कोशिश की और अगले 19 रन के अंदर 3 विकेट गिराए, लेकिन मोहम्मद सैफुद्दीन ने 7 गेंद पर 17 और मेहदी हसन ने 3 गेंद पर 6 रन बनाकर टीम को 2 गेंद पहले जीत दिला दी। बांग्लादेश ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीता। परवेज हुसैन इमोन ने 28 गेंद पर 43 और सैफ हसन ने 22 रन बनाए। आयरलैंड के लिए मार्क अडेयर और गारेथ डेल्ने ने 2-2 विकेट लिए। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 270 रन बनाए थे। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 14 गेंद पर 2 छक्के और 3 चौकों की मदद से 29 रन और टिम टेक्टर ने 25 गेंद पर 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से 38 रन बनाए।

# हेयर ट्रांसप्लांट को लेकर बढ़ रही लोगों में उत्सुकता

## तनाव, लाइफस्टाइल और प्रदूषण के कारण युवाओं में बढ़ रहा हेयर लॉसः डॉ. अरोड़ा

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

आजकल बाल झड़ने की समस्या आम होती जा रही है और इसी वजह से हेयर ट्रांसप्लांट को लेकर लोगों में उत्सुकता भी बढ़ी है। लेकिन, सोशल मीडिया और अधूरी जानकारी के कारण कई तरह के मिथक भी फैल चुके हैं। इस विषय पर प्रसिद्ध हेयर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. केके अरोड़ा बताते हैं कि सही जानकारी ही सही निर्णय लेने में मदद करती है। सबसे बड़ा मिथ यह है कि हेयर ट्रांसप्लांट एक दर्दनाक प्रक्रिया है। डॉ. अरोड़ा के अनुसार आधुनिक तकनीक जैसे फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन और डायरेक्ट हेयर इम्प्लांटेशन के कारण यह प्रक्रिया लगभग दर्द रहित हो चुकी है। मरीज को केवल हल्की सी सुन्नाहट महसूस होती है, जिससे पूरा उपचार आरामदायक बन जाता है।


हेयर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. केके अरोड़ा। -समर न्यूज़

दूसरा मिथ यह है कि ट्रांसप्लांट किए गए बाल जीवन भर नहीं चलते। जबकि सच्चाई यह है कि दान क्षेत्र डोनर एरिया के बाल आनुवंशिक रूप से स्थायी होते हैं, इसलिए ट्रांसप्लांट के बाद भी ये बाल सामान्य बालों की तरह बढ़ते हैं और लंबे समय तक रहते हैं।

डॉ. अरोड़ा ने कहा कि हेयर ट्रांसप्लांट सभी के लिए जरूरी नहीं होता। यदि बाल अभी शुरुआती स्तर पर झड़ रहे हैं, तो दवाइयों, पीआरपी थेरेपी या लेजर ट्रीटमेंट से भी अच्छा परिणाम मिल सकता है। ट्रांसप्लांट उन लोगों के लिए ज्यादा प्रभावी है जिनके बाल काफी झड़ चुके हैं और स्कैल्प पर खाली जगह साफ दिखाई देती है। रिजल्ट की बात करें तो उन्होंने कहा कि चार से छह महीने में बाल उगना शुरू हो जाते हैं और नौ से बारह महीने में पूरा लुक दिखाई देता है। सही सर्जन, सही तकनीक और सही पोस्ट-केयर से रिज़ल्ट बेहद नेचुरल दिखते हैं।

अरोड़ा ने बताया कि जिन लोगों में गंजापन अधिक होता है, उनके सिर पर केवल स्काल्प के बाल ही नहीं, बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों से भी बाल लेकर प्रत्यारोपित किए जाते हैं। ऐसे मामलों में दाढ़ी, छाती या शरीर के अन्य हिस्सों से उपयुक्त बाल चुनकर गंजे क्षेत्रों को कवर किया जाता है। यह तकनीक तब उपयोगी होती है जब सिर के पीछे के हिस्से में पर्याप्त दाता बाल नहीं होते। इस प्रक्रिया से घनत्व बढ़ाने और प्राकृतिक लुक देने में मदद मिलती है।

केके अरोड़ा ने बताया कि आजकल युवाओं में बाल झड़ने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसके कई कारण हैं, जिनमें अनियमित जीवनशैली प्रमुख है। तनाव, नींद की कमी और अत्यधिक स्क्रीन टाइम से हार्मोनल असंतुलन होता है, जिससे बाल गिरने लगते हैं।

असंतुलित भोजन, जंक फूड और पोषण की कमी भी बालों को कमजोर बनाती है। प्रदूषण, धूल-मिट्टी और केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का अधिक इस्तेमाल भी नुकसान पहुंचाता है। इसके अलावा, आनुवंशिक कारण और हार्मोनल बदलाव भी युवाओं में समय से पहले गंजापन ला सकते हैं। यदि समय पर देखभाल न की जाए तो बाल झड़ना लगातार बढ़ता जाता है। अंत में डॉ. अरोड़ा ने संदेश देते हुए कहा कि हेयर ट्रांसप्लांट कोई कॉस्मेटिक फैशन नहीं, बल्कि एक मेडिकल साइंस है। सही जानकारी और विशेषज्ञ से सलाह ही आपको सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिला सकती है।

# साफ आसमान और हल्की ठंड, मौसम ने ली अचानक करवट, दिन रहा सुहाना


*लुधियाना में रविवार को मौसम शुष्क और साफ/हल्के धुंध के साथ रहा, दिन में अधिकतम तापमान लगभग 22–24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 6–11 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज होने का अनुमान है। हवा हल्की रही और दृश्यता सुबह के समय हल्की धुंध से प्रभावित हो सकती है बारिश की संभावना बहुत कम है।*

-(लक्की भट्टी) समर न्यूज़

पेज 1 का शेष

## वर्चस्व कायम रखने के लिए शादी में चलाई गोलियां ....


नीरू छाबड़ा के पार्थिव शव को ले जाते हुए परिवार के लोग। -समर न्यूज़

**▪ दोनों बदमाशों के बीच पुरानी रंजिश...**

अंकुर लुधियाना और शुभम मोटा के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर तनाव चला आ रहा है। दोनों ही इलाके में दबदबा दिखाने के लिए कई बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। कई बार हाथापाई, धमकियां और कहासुनी की घटनाएं हो चुकी हैं। फरवरी 2024 में भी दोनों पक्षो में सुभानी बिल्डिंग के इलाके में गोलियां चली थी। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। लोगों का कहना है कि ऐसे दोनो युवकों को एक ही मंच पर बुलाना और सामने खड़ा कर देना अपने आप में खतरनाक स्थिति पैदा करता है। और वही हुआ एक छोटी सी नोकझोंक ने खौफनाक रूप ले लिया।

**▪ दूल्हे की मौसी और बचपन के दोस्त की मौत..**

फायरिंग में मृतक महिला की पहचान जालंधर निवासी नीरू छाबड़ा के रूप में हुई है। वह दूल्हे वरिंदर कपूर की मौसी थीं। नीरू अपने पति संजीव छाबड़ा और बेटे के साथ शादी में शामिल होने आई थीं। परिवार ने बताया कि रविवार को नीरू का जन्मदिन था और शनिवार रात शादी के बाद पूरे परिवार ने नई दुल्हन के साथ मिलकर छोटी-सी सेलिब्रेशन की तैयारी कर रखी थी, लेकिन उससे कुछ घंटे पहले ही नीरू की जिंदगी एक गोली ने खत्म कर दी। उसकी बेटी विदेश में जॉब करती है।

दूसरा मृतक वासु चोपड़ा है, जो दूल्हे का बचपन का मित्र और पड़ोसी भी है। वासु ने दूल्हे की शादी की सारी तैयारियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। यहां तक कि उसकी शादी के कार्ड भी बांटे। वासु के परिवार में उसकी पत्नी शीतल चोपड़ा और दो छोटे बेटे हैं। एक चार साल का और दूसरा सिर्फ एक साल का। दोनों बच्चों को अभी तक यह भी नहीं बताया गया कि उनके पिता अब कभी घर नहीं लौटेंगे।

**▪ मुख्य आरोपी फरार**

पुलिस ने इस मामले में गोली चलाने वाले अंकुर, जसवीर सिंह जस्सा, रूबल, जतिंदर कुमार डावर,शुभम मोटा और उनके एक दर्जन अज्ञात साथियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गैरकानूनी हथियार रखने समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में छह बदमाशों को पुलिस ने राउंड ऑफ कर लिया है बाकी आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दे रहे है।

# 650 करोड़ जीएसटी-वैट रिफंड अटका, देरी से व्यापारियों में नाराजगी

## पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल ने माता रानी चौक स्थित दफ्तर में की बैठक,

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल ने माता रानी चौक स्थित ऑफिस में बैठक की। बैठक के दौरान व्यापारी नेताओं ने कहा कि पिछले 7-8 महीनों से लगातार सरकार में समक्ष मुद्दा उठाए जाने के बावजूद भी बकाये जीएसटी और वैट के रिफंड अभी तक सरकार द्वारा रिलीज़ नहीं किए गए। इन नेताओं ने कहा कि अगस्त महीने में करीब 220 करोड़ रुपए ही सरकार द्वारा भुगतान किए गए लेकिन अभी करीब 650 करोड़ रुपए बकाया खड़ा है जो व्यापारियों को मिलना बाकी है। बैठक में नेताओं ने कहा कि लुधियाना डीटीसी रणधीर कौर के समक्ष ये मुद्दा कई बार उठाया गया और उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही सारे पेंडिंग रिफंड रिलीज़ किए जाएँगे क्योंकि अभी वेबसाइट की अपग्रेडेशन चालू है तो समय लग रहा है।


पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के सदस्य जानकारी देते हुए। -समर न्यूज़

पंजाब सरकार द्वारा स्थापित किए गए पंजाब ट्रेड कमीशन के अध्यक्ष अनिल ठाकुर के समक्ष भी लुधियाना दौरे के दौरान में ये मुद्दा रखा गया और उन्हें सरकार ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही रिफंड क्लियर किए जाएंगे, लेकिन अब लगता है कि सरकार का पंजाब के व्यापारियों की और ध्यान ही नहीं है।

पहले से ही पंजाब में व्यापार की हालत कमजोर है और बाहर का व्यापारी पंजाब में आने से डरता है वजह है पंजाब की बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकार का व्यापार विरोधी नीतियां। सरकार को ये समझना बहुत जरूरी है कि चीते और मध्य व्यापारी के लिए टैक्स के रिफंड ही उसकी कार्यशील पूंजी है। जिसका भुगतान देरी से होने की वजह से व्यापारी नया कर्ज लेता है जो की उसे एक हो महंगा पड़ता है। 25 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी की वजह से और ऊपर से उसका भी भुगतान देरी से होता है क्यूंकि सरकार द्वारा कार्यशील पूंजी रोकी जाती है।

बिजली मंत्री और पंजाब इन्वेस्टमेंट डिपार्टमेंट के मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा भी ये समस्या को सुलझाने का प्रयास किया गया और 25 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी को गिरवी रखी गए ज़मीन के ऊपर लिए गए लोन और बिजनेस लोन को इकट्ठा कर एक बार ही ड्यूटी लगाने का आदेश दिया, किंतु विचार करने वाली बात है कि छोटे और मध्य व्यापारी को इस स्टाम्प ड्यूटी से राहत देनी चाहिए क्यूंकि ये उनके कर्ज जाल का कारण बनता जा रहा है। बैठक में राज्य महासचिव सुनील मेहरा, राज्य सचिव आयुष अग्रवाल, जिला प्रधान परवीन गोयल, जिला अध्यक्ष पवन लहर, जिला महासचिव परवीन शर्मा, अश्वनी महाजन, उमेश सोनी, पवन मल्होत्रा व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन पर आवारा कुत्तों से यात्री परेशान

**लुधियाना**| लुधियाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और आसपास आवारा कुत्तों व मवेशियों की मौजूदगी से यात्रियों में दहशत और असुविधा बनी रहती है। खासकर बच्चों और महिलाओं के लिए स्थिति अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। प्लेटफॉर्म पर आवारा कुत्तों की मौजूदगी से भगदड़ जैसे हालात बनते हैं और रात के समय यात्रियों की सुरक्षा को अतिरिक्त खतरा रहता है, जिससे रेल यात्रियों के अनुभव और समय पालन पर असर पड़ता है। शहर में आवारा कुत्तों के दीर्घकालिक समाधान हेतु प्रस्तावित डॉग सैंक्चुअरी शेल्टर की पहल में 2,500 तक कुत्तों को पहले चरण में रखने, नसबंदी और टीकाकरण जैसी व्यवस्थाओं की बात कही गई।


रेलवे स्टेशन पर घूमते आवारा कुत्ते। -(लक्की भट्टी) समर न्यूज़

## समराला में गुटका साहिब की बेअदबी

**समराला**| भरथला रोड पर रविवार शाम गुटका साहिब के पवित्र अंगों की बेअदबी का गंभीर मामला सामने आया। मौके से सुखमनी साहिब और आनंद साहिब के पन्ने तथा धार्मिक तस्वीरें बरामद हुईं। सूचना के बाद भाई सुखविंदर सिंह खालसा और एसजीपीसी की टीम मौके पर पहुंची। एसजीपीसी ने बताया कि पवित्र अंगों को सम्मान सहित गुरुद्वारा चरण कंवल साहिब ले जाया जाएगा। थाना प्रभारी हरविंदर सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 86